

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 29 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-209 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







## राफेल फाइटर जेट में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने



**नई दिल्ली,28 अक्टूबर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने आज सुबह हरियाणा के अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से राफेल फाइटर जेट में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। इस दौरान एयर चीफ मार्शल एपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह उड़ान ना केवल उनकी साहसिक नेतृत्व शैली का प्रतीक बल्कि भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी दुनिया के सामने प्रदर्शित करती है। इससे पहले 8 अप्रैल 2023 को राष्ट्रपति मुर्मू ने असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर विमान में उड़ान भरी थी। इसके साथ ही वह फाइटर जेट में उड़ान भरने वाली तीसरी राष्ट्रपति और दूसरी महिला राष्ट्रपति बनी। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने भी सुखोई 30 एमकेआई फाइटर विमान में उड़ाने भरी थी। लेकिन अब राफेल फाइटर जेट में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उड़ान भरकर इतिहास रच दिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह के साथ नजर आई जिनके बारे में पाकिस्तानी प्रभावकों और मीडिया ने दावा किया था कि उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने पकड़ लिया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह को लेकर लगातार झूठा प्रोपेगैंडा फैला रहा था। आपको बता दें कि फ्रेंच एयरफोर्स कंपनी डिसॉल्ट एविएशन द्वारा बनाए गए राफेल फाइटर एयरक्राफ्ट को सितंबर 2020 में अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर इंडियन एयरफोर्स में औपचारिक रूप से शामिल किया गया था। पहले पांच राफेल एयरक्राफ्ट जो 27 जुलाई 2020 को फ्रांस से आए थे.

## डीएमएफ घोटाला: रायपुर समेत 4 जिलों में एसीबी -ईओडब्लू का छापा

**रायपुर,29 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित डीएमएफ घोटाले में एसीबी और ईओडब्लू की टीमों ने रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग और धमतरी जिलों में दर्जनभर ठिकानों पर छापा मारा है। मिली जानकारी के मुताबिक, राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका के पास स्थित वॉलफोर्ट इन्क्लेव में भी छापा पड़ा है। उधर राजनांदगांव से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर में तीन स्थानों पर एक साथ छापा मारा गया है। इसी प्रकार दुर्ग में महावीर नगर स्थित कारोबारी मनीष पारख के यहां भी अफसरों की टीम पहुंची है। उधर धमतरी में भी छापा मारा गया है।




बताया जा रहा है कि, मामला डीएमएफ घोटाले से जुड़ा है। इसी मामले में कारोबारियों, सप्लायरों और ब्रोकरों के ठिकानों पर छापा पड़ा है। सरकारी सप्लाई में अनियमितता और कमीशन के लेन-देन को लेकर छानबीन की जा रही है। उल्लेखनीय है कि, इसी मामले में इससे पहले कई अफसर जेल जा चुके हैं।

**धमतरी जिले के सिर्री गांव में छापा**-धमतरी जिले के सिर्री गांव में ठेकेदार अभिषेक त्रिपाठी के निवास पर ईओडब्लू का छापा पड़ा है। 2 गाड़ियों में पहुँची थी ईओडब्लू की टीम। घर से कई अहम दस्तावेज लेकर ईओडब्लू की टीम वापस लौट गई है।

**नांदगांव में तीन कारोबारियों के 4 ठिकानों पर छापा**-वहीं राजनांदगांव से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के मध्य 3 बड़े कारोबारियों के यहां पहुंची है टीमें। गवर्नमेंट सप्लायर और माइंस का काम करता है व्यापारी। शहर में 4 जगहों पर ईओडब्लू -एसीबी का पड़ा है छापा। सत्यम विहार- नाहटा, भारत माता चौक- राधा कृष्ण एजेंसी और उसके घर, कामठी लाइन- किराया भंडार में जाच जारी है। सभी जगह दो-दो गाड़ियों में टीमें पहुंची हैं।

## पाक की नापाक हरकत

**श्रीनगर ।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के टंगडार सेक्टर में नियंत्रण रेखा (रुशष्ट) पर मंगलवार को पाकिस्तान ने युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए भारतीय चौकियों पर गोलाबारी की। भारतीय जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई में नियंत्रण रेखा के पार लीपा घाटी में पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया।हालांकि रक्षा मंत्रालय ने इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय सेना अपने क्षेत्र में कुछ निर्माण कार्य कर रही थी। इसी दौरान पाकिस्तान की ओर से काम रुकवाने के उद्देश्य से गोलाबारी की गई।

## चक्रवात 'मोंथा' पहुंचा काकीनाडा

**नई दिल्ली,29 अक्टूबर।** चक्रवात 'मोंथा' आज बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश के काकीनाडा पहुंचा, जिससे तटीय जिलों में भारी बारिश और तेज हवाएं चलने लगी। मौसम विभाग (आईएमडी) ने पुष्टि की है कि इस सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बना यह चक्रवात मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच 110 किमी प्रति घंटे की गति से टकराया। आईएमडी अधिकारियों के अनुसार, 'मोंथा' के कारण कृष्णा और मछलीपट्टनम जिलों के कई हिस्सों में गरज और बिजली के साथ तेज बारिश हुई, जिससे पेड़ उखड़ गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा। अल्लूरी जिले में, तूफान के दौरान एक पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रभावित क्षेत्रों में गिरे हुए पेड़ों को हटाने और बिजली बहाल करने के लिए आपदा प्रबंधन टीमों को तैनात किया गया है। सोमवार से उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा भीषण चक्रवाती तूफान तट पार करने के बाद थोड़ा कमजोर पड़ गया, लेकिन इसके दक्षिण भारत में व्यापक वर्षा लाने की उम्मीद है। आईएमडी ने कहा कि मोंथा के प्रभाव के कारण, तमिलनाडु में अगले छह दिनों तक मध्यम वर्षा होने की संभावना है। बुधवार सुबह जारी मौसम बुलेटिन में चेतावनी दी गई है कि तमिलनाडु, पुडुचेरी और कन्याकुमारी सागर के तटीय क्षेत्रों में 45 से 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जो कभी-कभी 65 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं।

मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे हालात सुधरने तक समुद्र तट पर न जाएं। चेन्नई में,



आसमान में बादल छाए रहने और कुछ इलाकों में रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन और तमिलनाडु आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संभावित वर्षा संबंधी घटनाओं से निपटने के लिए सभी आपातकालीन नियंत्रण कक्षों को अलर्ट पर रखा है। तमिलनाडु के अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन को नदियों और जलाशयों में जल स्तर की निगरानी करने और निचले व बाढ़-प्रवण क्षेत्रों में निवारक कदम सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

## सामान्य सभा की बैठक में जनहित के मुद्दों को लेकर विपक्ष ने घेरा महापौर को

**रायपुर,29 अक्टूबर।** रायपुर नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधि की सामान्य सभा की बैठक आज निगम मुख्यालय में अपने निर्धारित समय में शुरू हुई, इसमें पूर्व बैठक की प्रस्तावों की पुष्टि की गई तथा पार्षदों द्वारा प्रश्नकाल के दौरान अवैध प्लाटिंग, साफ, सफाई एवं स्ट्रीट लाईट नहीं जलने के संबंध में प्रश्न पूछे गए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महापौर की कार्यप्रणाली पर उठाए अनेक सवाल। नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक सभापति सूर्यकांत राठौर की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक के प्रारंभ में नवनियुक्त नेताप्रतिपक्ष आकाश तिवारी का स्वागत महापौर ने किया। जीएसटी रिफॉर्म को लेकर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया। नई जीएसटी रिफॉर्म से जनता को कई सुविधाएं मिली



है। एजेंडा क्रमांक 4 में खारून नदी के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल महादेवघाट का पुर्नविकास हेतु 20 की राशि का प्रस्ताव रखा गया। वहीं बुढ़ापारा सीएसईबी चौक से लेकर पचपेढ़ी नाका चौक तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। गौरवपथ बनाने के लिए डेढ़ करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। सिटी डेवलपमेंट बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। विपक्षी पार्षदों ने आरोप लगाया कि महापौर की कोई कार्यप्रणाली नहीं है। वे विदेश घूमती रहती हैं। आकाश तिवारी ने कहा कि रायपुर की हितों की ओर ध्यान देना चाहिए।

**महापौर ने नेता प्रतिपक्ष का बुके प्रदत्त कर किया स्वागत**-नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक रायपुर नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित निगम सामान्य सभाकक्ष में नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के सभापतित्व में हुई। बैठक में नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम रायपुर के नेता प्रतिपक्ष श्री आकाश तिवारी को बुके प्रदत्त कर आत्मीय स्वागत किया.नगर निगम सचिव श्रीमती संगीता साहू ने भी नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्री आकाश तिवारी का सामान्य सभा की बैठक में बुके प्रदत्त कर आत्मीय स्वागत किया।




## सेवा और बहादुरी की मिसाल सीआरपीएफ का के-9 डॉग 'ईगो' अब नहीं रहा

### नक्सल प्रभावित इलाकों में बचाई थीं जवानों की जान, पूरे सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**सुकमा,29 अक्टूबर।** सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन के वीर के-9 डॉग "ईगो" को आज दोरनपाल मुख्यालय में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। 28 अक्टूबर 2025 को अपने सेवा काल के दौरान देश की सुरक्षा में अद्वितीय योगदान देने और कई जवानों की जान बचाने वाले "ईगो" का निधन हो गया। उसकी विदाई के समय जवानों और अधिकारियों की आँखें नम थीं, हर कोई अपने साथी को भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहा था। "ईगो" 74 बटालियन, सीआरपीएफ का एक अत्यंत दक्ष और साहसी के-9 था। अपने कार्यकाल में उसने कई महत्वपूर्ण अभियानों में हिस्सा लिया और विशेष रूप से नक्सल प्रभावित इलाकों में आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की खोज और ट्रैकिंग में असाधारण भूमिका निभाई। उसकी सूझबूझ और सतर्कता से कई बार बड़े हादसे टले और दर्जनों जवानों की जानें बचीं।

आज श्रद्धांजलि समारोह में कमांडेंट हिमांशु पांडे समेत बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। सभी ने "ईगो" के पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर उसे अंतिम सलामी दी। वातावरण में भावनात्मक मौन छा गया जब बटालियन के जवानों ने अपनी ड्यूटी के साथी को सैल्यूट किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कमांडेंट हिमांशु पांडे ने कहा, "ईगो केवल एक ड्यूटी डॉग नहीं था, बल्कि हमारे बटालियन परिवार का हिस्सा था। उसने हमेशा अपनी सेवा, निष्ठा और बहादुरी से हम सबका सिर गर्व से ऊँचा किया। उसका योगदान और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।" सीआरपीएफ परिवार ने "ईगो" की निष्ठा, वीरता और सेवाभाव को नमन करते हुए कहा कि ऐसे योद्धा सदैव स्मरणीय रहेंगे। उसकी स्मृति आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का संदेश देती रहेगी। "ईगो" ने भले ही इस दुनिया को अलविदा कह दिया हो, लेकिन उसकी बहादुरी और योगदान हमेशा सीआरपीएफ के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा।

## नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव की सड़क हादसे में मौत

**कुशीनगर,29 अक्टूबर।** करीब 23 साल पहले देश की सबसे चर्चित आपराधिक घटनाओं में से एक नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की एक सड़क हादसे में मौत हो गई है। यह हादसा, मंगलवार की रात दस बजे के आसपास यूपी के कुशीनगर के बघौचघाट मोड़ पर हुआ। एक तेज रफ्तार स्कार्पियो की चपेट में आकर एक बाइक पर सवार तीन लोगों में से एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पियो को कब्जे में लेते हुए दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में पता चला कि हादसे में जिस शख्स की मौत हुई है वह 1992 के देश के चर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड में 20 साल की सजा काटकर आया सुखदेव यादव था। सुखदेव कुछ महीने पहले ही घर आया था। कुशीनगर के चौराखास थाना क्षेत्र के तरुवनवा के कुम्भिया टोला का रहने वाला सुखदेव यादव पुत्र विश्वनाथ यादव (उम्र-55 साल) अपने ही गांव के विजय गुप्ता (उम्र-45 साल) और भागवत सिंह (उम्र-50 साल) के साथ मंगलवार को किसी रिश्तेदारी में गया थे। वहां से तीनों एक ही बाइक पर देर रात वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान फाजिलनगर कस्बे के बघौचघाट मोड़ पर तेज गति आ रहे स्कार्पियो की चपेट में आ गए। इस हादसे में सुखदेव यादव की मौके पर ही मौत हो गई।

## आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से मिली अंतरिम ज़मानत

**जयपुर,29 अक्टूबर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने बलात्कार के दोषी आसाराम को चिकित्सा आधार पर छह महीने की अंतरिम ज़मानत दी है। उनकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति और जेल में अनुपलब्ध विशेष उपचार की आवश्यकता को देखते हुए यह फैसला सुनाया गया, जहां वे आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। बलात्कार के दोषी स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को बुधवार को राजस्थान उच्च न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर छह महीने की अंतरिम ज़मानत दे दी। आसाराम ने चिकित्सा उपचार का हवाला देते हुए ज़मानत मांगी थी। आसाराम बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की



सजा काट रहा है और जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद है। यौन उत्पीड़न के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम ने चिकित्सा उपचार के लिए उच्च न्यायालय में नियमित ज़मानत याचिका दायर की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

## आज से छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची पुनरीक्षण शुरू

**रायपुर,29 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में कुल दो करोड़ मतदाता है, इनमें से 5 प्रतिशत यानी 60 लाख मतदाताओं को आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज देना होगा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में एसआईआर कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इस कार्यक्रम को लेकर कई सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसका स्वागत किया है, उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी आयोग के निर्णय का स्वागत किया है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिना राजनीतिक दलों के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न नहीं हो सकता। अधिकारी सिर्फ औपचारिक काम करते हैं। एक मतदान केन्द्र में कम से कम 1200 मतदाता होते है, जिनका नाम पता एवं व्यक्ति संपर्क करना काफी कठिन होता है। यह बैठक कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के सभागार में आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों और अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था। प्रत्येक मतदान केंद्र में लगभग 1,000 मतदाता होते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक बूथ स्तरीय अधिकारी होता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्र होते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी होता है। ईआरओ एक उप-मंडल मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी होता है, जो कानून के अनुसारः मसौदा मतदाता सूची तैयार करता है। दावों और आपत्तियों को प्राप्त करता है और उन पर निर्णय लेता है। और अंतिम मतदाता सूची तैयार करता है और प्रकाशित करता है। प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होता है। जिला मजिस्ट्रेट ईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील की सुनवाई करते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीईओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) के निर्णय के विरुद्ध द्वितीय अपील की सुनवाई करते हैं। बी.एल.ओ, (बूथ स्तरीय अधिकारी) नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान/लिंकिंग (आधार से जोडऩा) में सहायता करेंगे। मतदाता को ई.एफ. भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ई.आर.ओ./ए.ई.आर.ओ. को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ई.एफ. ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे । गणना चरण के दौरान ई.एफ. के अलावा, ई.एफ. के साथ कोई अन्य दस्तावेज एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है।

ईआरओ/एईआरओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है; और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल नहीं है। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ईआरओ के फैसले के खिलाफ पहली अपील की सुनवाई करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डीएम के निर्णय के खिलाफ दूसरी अपील की सुनवाई करेंगे।

## एक नजर

### तलवार से लोगों को डराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 29 अक्टूबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के तलवार नुमा हथियार से ग्रामीणों को डराने धमकाने वाले आरोपी को नंदिनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी से एक लोहे का तलवारनुमा हथियार जब्त किया है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि ग्राम डूमर में रोमलाल उर्फ लालु यादव (22 साल ) निवासी ग्राम डूमर धारदार तलवारनुमा हथियार लेकर लोगों को डरा धमका रहा है सूचना मिलने पर नंदिनी थाने पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है ।

### आरक्षक की बाइक जलाने वाला पकड़ाया

**भिलाई, 29 अक्टूबर।** भिलाई नेवई भाठा में जुआ की रेड की कार्रवाई के दौरान पुलिस आरक्षक की मोटर साइकिल में आग लगाने वाले आरोपी को



नेवई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है नेवई प्रभारी उनि कमल सिंह सेंगर ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात लगभग 12 बजे नेवई भाठा नर्सरी के अंदर जुआ खेलने की सूचना पर थाना नेवई के कर्मचारी अपनी-अपनी मोटर साइकिल में नेवई भाठा पहुंचे और रोड के किनारे अपनी मोटर साइकिल खड़ी कर नर्सरी के अंदर रेड की कार्रवाई कर जुआरियों को पकड़ा गया उक्त कार्रवाई के उपरांत अपनी मोटर साइकिल के पास आ रहे थे तो उसमें से एक पल्सर मोटर साइकिल में आग लगी हुई थी आसपास के लोगों के सहयोग से पानी डालकर मोटर साइकिल की आग को बुझाया गयामोटर साइकिल आरक्षक भूमिन्द्र वर्मा ने अपनी होना बताया गया। किसी अज्ञात आरोपी ने नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से मोटर साइकिल में आग लगाया जाना पाए जाने पर रिपोर्ट पर थाना नेवई मामले में 324 (4), 326 (च) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की विवेचना एवं अज्ञात आरोपी की तलाश के दौरान मुखबीर की सूचना पर दुलेश्वर ठाकुर उर्फ गोल्टू (35 साल ) नेवई भाठा उड़िया पारा को पकड़कर पूछताछ करने पर मोटर साइकल में आग लगाना स्वीकार किया इस प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### युवती हुई साइबर ठगी का शिकार

**भिलाई, 29 अक्टूबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के मोबाइल फोन पर इंटरनेट इस्तेमाल कर लोन के लिए अप्लाई करने वाली एक युवती को लोन तो नहीं मिला, लेकिन वह साइबर ठगी की शिकार हो गई अंजान ठग ने बाग्लादेश के नंबर से युवती को वाट्सऐप कॉल कर लोन की किस्त पटाने काल किया ठग ने फोटो एडिट कर आपत्तिजनक बनाकर वायरल करने की धमकी देकर पैसे ऐठ लिया रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने धारा 67,308 (2), 318 (4) बीएन एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है मोबाइल फोन पर इंटरनेट इस्तेमाल के दौरान अक्सर ही विज्ञापन दिखाई देते हैं कि कम ब्याज व अमाउंट वाला लोन तुरंत हासिल करें कम जरूरत होने के कारण लोग अक्सर ही मोबाइल पर यह लोन ऐप डाउनलोड कर लोन अप्लाई कर देते हैं, लेकिन कई बार लोन की रकम नहीं मिलती। जिसके बाद व्हाट्सऐप पर ब्लैकमेलिंग व दुष्प्रचार करने वाली धमकियां मिलनी शुरू हो जाती हैं और फोटो वायरल भी कर देते हैं। ऐसा ही एक फ्रॉड जामुल थाना इलाके में रहने वाली युवती के साथ हुआ इसके बाद जामुल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है इसकी पुष्टि करते हुए ने कि फिलहाल शिकायत मिलते ही अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है इस मामले को साइबर क्राइम सेल को भेजा गया है मामले में विवेचना जारी है झांसा देकर ऐसे ठगा जामुल ने बताया कि पीड़िता ने मोबाइल पर लोन के लिए ऐप डाउनलोड कर लिया। इसके बाद इसे इस्तेमाल करने के लिए डिटेल्स शेयर की लेकिन लोन तो नहीं मिला और दूसरे राज्य के नंबर से फोन आना शुरू हो गया कि लोन की किस्त की रकम जमा करने कहा गया। इस पर पीड़िता ने लोन न मिलने की बात भी बताई। इसके बाद भी फोन करने वाले ने उसकी फोटो को एडिट कर उसे आपत्तिजनक बनाकर पीड़िता के वाट्सऐप पर भेज दिया और धमकी दी कि स्टॉलमेंट नहीं पटाओंगे तो फोटो को सोशल मीडिया में वायरल कर देगा धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने 6 हजार रुपए भेजे इसके बाद पीड़िता को ठगी का एहसास होने पर जामुल थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी।

### दुर्ग गंज मंडी में तीन दिवसीय राज्योत्सव महोत्सव 2 से 4 नवंबर तक

**दुर्ग,29 अक्टूबर।** जिला प्रशासन, दुर्ग के तत्वावधान में पुराना गंज मंडी परिसर में इस वर्ष भव्य राज्योत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय उत्सव 2 से 4 नवंबर तक चलेगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, कला, हस्तशिल्प, व्यंजन और स्थानीय उत्पादों का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा।यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों, उद्यमियों और कारीगरों के लिए रोज़गार व पहचान का उत्कृष्ट अवसर भी प्रदान करेगा। फूड स्टॉल हेतु सीमित स्थान, पहले आओ, पहले पाओआयोजन समिति द्वारा फूड स्टॉल हेतु 10 स्थान निर्धारित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति पहले आओ, पहले पाओ÷ के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक स्टॉल का किराया 1000 प्रतिदिन रखा गया है। सीमित संख्या होने के कारण प्रतिभागियों से समय पर आवेदन करने का आग्रह किया गया है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोककला का होगा विशेष प्रदर्शन राज्योत्सव के दौरान पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत, शिल्पकला प्रदर्शन, हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों का स्वाद उपस्थित लोगों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराएगा।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं जनमन आवास पाकर ग्रामीण परिवारों को मिली अपार खुशियां

# उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से जिले के 60184 से अधिक परिवारों को मिला अपना पक्का आवास

**कवर्धा, 29 अक्टूबर।** रोटी, कपड़ा और मकान जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं में से एक है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार को सभी मौसम (गर्मी, ठंड और बरसात) से बचाते हुए लगातार प्रयासरत रहता है कि वह परिवार की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकुशल जीवन यापन कर सके। अपने परिवार को सुरक्षित रखने और समाज में जीवन स्तर को बेहतर बनाए रखने के लिए खुद का पक्का घर भी बहुत जरूरी है। ग्रामीण अंचलों में लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण पक्का घर बनाने का सपना जल्द पूरा नहीं हो पता है। जिले के मैदानी क्षेत्र से लेकर वनांचल एवं दुर्गम स्थानों में रहने वाले ग्रामीण भाई बहनों को अपने आशियाने के लिए परेशान ना होना पड़े और उन्हें सम्मान व सुरक्षा के साथ सुखद जीवन देने का सपना छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने देखा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल और उप मुख्यमंत्री के संघर्षों का फल है कि कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं जनमन आवास अंतर्गत 18 महीने के अल्प समय में 60184 से अधिक आवास स्वीकृत होकर निर्माण का वृहद अभियान लगातार चल रहा है और अब योजना के सकारात्मक नतीजे भी सबके सामने है जिसमे हजारों ग्रामीण आवासहीन परिवार अपने पक्के आवास में परिवार सहित सकुशल जीवन यापन कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के लगातार प्रयासों का नतीजा है कि जिले में दिसंबर 2023 से 59280 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए लक्ष्य रखा गया। अल्प समय में 50559 ग्रामीण परिवारों को प्रति परिवार की दर से 1.20 रुपए की लागत से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर उनके जीवन में अपार खुशियों की सौगात दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निरंतर कार्य करते हुए निर्माण कार्य को पूरी गति से आगे बढ़ाया गया। जिसका सुखद परिणाम है कि सिर्फ डेढ़ वर्ष के अंदर ही 24320 ग्रामीण परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूरा हो गया। अब यह परिवार खुशी से अपने पक्के घर में निवास कर रहे हैं। इसके साथ ही



26239 ग्रामीण परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास बनाने का कार्य भी पूरी गति से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि सभी आवासों का निर्माण हितग्राही स्वयं कर रहे हैं और पैसा उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे जारी हो रहा है।

मैदानी क्षेत्रों में बन रहे पक्के आवासों की बानगी आज देखते ही बनती है। ग्राम पंचायत खैरबनाकला में 222 परिवारों के लिए आवास स्वीकृत हुए जिनमें से 179 पूरे हो गए। इसी तरह से राजानवागांव में 190 में से 151, खारा में 198 में से 107,मण्डलाटोला में 146 में से 109, केसली में 139 में से 123, भागुटोला 133 में से 109, पनेका 114 में से 102, डाबरी 209 में से 172, किसुनगढ़ 201 में से 170, कुआंमलगी 219 में से 161, पेंड्रीखुर्द 185 में से 128, सुकतरा 110 में से 105, कुमार दनिया 139 में से 114 धरमगढ़ 137 में से 122 हथलेवा 138 में से 124 परिवार अब अपने नए घरों में खुशी से जीवन यापन कर रहे हैं। यहां आंकड़े तो सिर्फ कुछ ग्राम पंचायतो के हैं जिले के अधिकांश ग्राम पंचायतो में हजारों आवास बन गए है और ग्रामीण परिवार इसे सीधे लाभान्वित हो रहा है।

### सुख, समृद्धि और विकास की नई राह, प्रधानमंत्री जनमन आवास के कार्यों पर एक नजर

यह उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का ही सपना था कि हमारे बैगा समुदाय के लोगों को उनका अपना पक्का घर मिले जो वनांचल, पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रो में रहते है। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को विकास के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। यही कारण है कि पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत सर्वाधिक आवास निर्माण की स्वीकृति कबीरधाम जिले में दी गई है। आज ज़िले के वनांचल क्षेत्रो में 9625 बैगा परिवारों के लिए 2 लाख रुपए प्रति परिवार की दर से जनमन आवास स्वीकृत हुआ है। विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए 3513 बैगा परिवारों का अपना पक्का घर बन चुका है और वह खुशी-खुशी इन घरों में रह रहे हैं। जनमन आवास के निर्माण में 95 दिवस का रोजगार महात्मा गांधी नरेगा योजना द्वारा अलग से प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही शौचालय की सुविधा,राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत स्वास्थ्य कार्ड, महतारी वंदन योजना जैसे प्रमुख योजनाओं से इन्हें जोड़ा गया है। वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत के केसमर्दा में 272 स्वीकृत आवास में से 118 घर पूर्ण हो गए हैं, इसी तरह ढोलबज्जा के 248 में से 164, लूप 241 में से 109, तेलियापानी लेदार 384 में से 84 अमनिया 333 में से 85 भेलकी 239 में से 85 डालामहुआ 240 में से 90 जनमन आवास का निर्माण पूरा हो चुका है और बैगा परिवार इसमें खुशी से जीवन यापन कर रहा है। इसी तरह जनमन आवास और भी अन्य ग्राम पंचायतो में बड़ी मात्रा में बनाए जा चुके हैं और इसका लाभ ग्रामीण बैगा परिवार उठा रहे हैं।

### आवास योजना के लाभार्थियों को शासन की अन्य योजनाओं से जोड़ा गया- कलेक्टर

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से प्रधानमंत्री आवास योजना में 90 दिवस एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास में 95 दिवस का रोजगार मिल रहा है। जिसमें प्रतिदिन 261 रुपए की दर से मजदूरी प्राप्त हो रही है।अपने खुद का आवास बनाने के लिए हितग्राहियों को औसतन 24 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान इनके खाते में प्राप्त होता है। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड इन परिवारों को प्राप्त है। गरीबी रेखा का राशन कार्ड हितग्राहियों के लिए सस्ते खाद्यान्न का स्रोत है जिसका लाभ इन्हें मिल रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से इन परिवारों को गैस सिलेंडर एवं चूल्हा मिला है और जिसका उपयोग यह ग्रामीण परिवार कर रहे हैं। शौचालय की सुविधा स्वच्छ पेयजल के लिए नल जल योजना से ये परिवार लाभान्वित है। महतारी वंदन योजना से ग्रामीण परिवारों को 1000 रुपए प्रति महीने की दर से आर्थिक सहायता अलग से मिल रह है जो इन्हें और भी सशक्त एवं संपन्न बनाता है।

### आवास निर्माण के साथ डीलर दीदी, पशु शेड, कूप एवं डबरी निर्माण बने आजीविका के नए साधन- सीईओ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए बिहान योजना की महिला समूह डीलर दीदी के रूप में सामने आई है। महिला समूह द्वारा सेंट्रिंग् प्लेट एवं अन्य बिल्डिंग मटेरियल हितग्राहियों को कम दर पर प्रदाय किया जा रहा है जो इनके आजीविका का साधन भी है। डीलर दीदी के रूप में महिला समूह को नई आजीविका मिली है और ग्रामीण परिवारों को सस्ते दर पर बिल्डिंग मटेरियल। महात्मा गांधी नरेगा से कुकुट पालन बकरी पालन एवं गोवंश को रखने के लिए पशु शेड भी बड़ी मात्रा में स्वीकृत किया गया है। पशुधन से आजीविका को बढ़ावा देने के लिए यह कार्य हो रहे हैं, साथ ही कूप और डाबरी निर्माण के द्वारा इन परिवारों को सिंचाई के साधनों से जोड़ा गया है, जिससे कि वह अपने खेतों की सिंचाई कर सब्जी उत्पादन का कार्य कर आजीविका संवर्धन की ओर अग्रसर हो सके।

# बिहार में एनडीए की प्रचंड बहुमत से बनेगी सरकार: गजेंद्र यादव

**भिलाई, 29 अक्टूबर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर पूरे राज्य में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री एवं बिहार के सारण क्षेत्र के चुनाव प्रभारी गजेंद्र यादव ने दावा किया है कि इस बार एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत से बनने जा रही है। यादव सोमवार को सिवान के मालवीय नगर स्थित अपने मित्र हरेन्द्र दुबे के आवास पर निजी कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सारण सहित पूरे बिहार में एनडीए की लहर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। जनता विकास, सुशासन और सुरक्षा के मुद्दों पर एकजुट होकर एनडीए के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई दिशा पकड़ी है। सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में



राज्य ने पिछले वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यादव ने कहा कि बिहार की जनता ने अब ठान लिया है कि वह विकास के रास्ते से पीछे नहीं हटेगी। नीतीश कुमार की सरकार में लोगों ने खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस किया है । पलायन से संबंधित एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि बिहार के लोग अब काम की तलाश में नहीं, बल्कि अपने व्यवसाय और उन्नति के लिए राज्य से बाहर जाते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक पलायन तो लालू यादव के जंगलराज के समय हुआ था। उस दौर में भय, भ्रष्टाचार और असुरक्षा के कारण लोग बिहार छोड़ने को मजबूर थे। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। यादव ने महागठबंधन पर भी तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जनता अब उनके खोखले वादों और भ्रम फैलाने की राजनीति को भलीभांति समझ चुकी है। वहीं वरिष्ठ नेता हरेन्द्र दूबे ने कहा कि इस बार बिहार में एनडीए का गठबंधन पहले से अधिक मजबूत और एकजुट है। कार्यकर्ताओं में उत्साह है और जनता का रुझान पूरी तरह एनडीए की ओर है। दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संयुक्त नीतियों ने बिहार को नई पहचान दी है। गांवों तक बिजली, सड़क और शिक्षा जैसी सुविधाएँ पहुँची हैं।

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के लिए आवास ऋण मेला आयोजित



**भिलाई, 29 अक्टूबर।** नगर निगम भिलाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2 के तहत मकानहीन परिवारों को आवास दिलाने के उद्देश्य से आवास ऋण मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बैकुंठधाम स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में हुआ। योजना के नोडल अधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा ने बताया कि कई हितग्राही मकान की किश्त राशि जमा करने में असमर्थ थे। इस समस्या के समाधान हेतु बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं को जोड़कर कम ब्याज दर पर आवास ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। मेले में स्वतंत्र बैंक, इजी होम लोन फाइनेंस, आवास लोन फाइनेंस और जना बैंक फाइनेंस के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 130 हितग्राही शामिल हुए, जिनमें से 12 से 13 हितग्राही ऋण के पात्र पाए गए। पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रस्ताव आगे की प्रक्रिया में हैं। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी के किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, अभिषेक बजाज, एवं संभागीय सीएलटीसी जीवन ताम्रकार सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। अधि. अजीत तिग्गा ने कहा कि निगम का लक्ष्य है, कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे। जरूरतमंदों को बैंक सहयोग से अपना घर मिल सके, यही इस मेले का उद्देश्य है।

# महा व वरिष्ठ प्रबंधक ने भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**भिलाई, 29 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर पी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग में द्विभाषी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सत्यनिष्ठा की शपथ के साथ हुआ। निर्णायक के रूप में प्राचार्य प्रो. डॉ. अभिलेखा बिस्वाल और महाप्रबंधक श्रीमती आर. रंजनी उपस्थित रहीं।इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती रेणु गुप्ता और वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा सतर्कता को जीवन का अनिवार्य अंग बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्नेहा गुहा ने किया और प्रो. डॉ. श्रीलता पिल्लई ने आभार व्यक्त किया।

### जिला पंचायत पदाधिकारियों ने युवाओं को नशामुक्त और स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया

**कवर्धा,29 अक्टूबर।** जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू , जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश



चंद्रवंशी ने युवाओं से विनम्र अपील की नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहे क्योंकि नशा से केंसर और बहुत सारी बीमारी की संभावना रहती है । कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की स्वच्छता ही सेवा का पालन सभी को करना चाहिए जिससे की शतप्रतिशत स्वच्छता रहेगी और नशा मुक्त अभियान पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की नशा से युवा दूर रहे । सुबह से ही कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष स्वच्छता के प्रति हमेशा फोकस रखते है जिसकी चर्चा होती हुई दिखती है ।

# झाड़मोखली खेल मेला में जुटे सैकड़ों खिलाड़ी, 24 घंटे चली रोमांचक प्रतियोगिता



**पाटन,29 अक्टूबर।** ग्राम झाड़मोखली में ज्वाला क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित 34वां एकदिवसीय खेल मेला खेल भावना और उत्साह का केंद्र बना रहा। प्रतियोगिता में कबड्डी, चौसर और शतरंज के मुकाबले लगातार 24 घंटे तक चले, जिनमें सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर और विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक हैं। समारोह में क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा और महापौर अल्का बाघमार भी मौजूद रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता में जय महाकाल टीम (भिलाई) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तरसींवा (धमतरी), पाटन और भाटापारा (बलौदाबाजार) की टीम क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। चौसर में संजीवन कुमार (मोतीपुर) विजेता बने और शतरंज में दिव्यांशु उपाध्याय (भिलाई) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को महापौर अल्का बाघमार, राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, नवीन सिंह पवार सहित कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने संबोधित किया। खेल मेला को सफल बनाने में ज्वाला क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष चम्मन पटेल, उपाध्यक्ष लक्की पटेल, कप्तान उमाकांत पटेल, उपकप्तान केशव ठाकुर एवं ग्राम वासियों की अहम भूमिका रही।

# आयुक्त के निर्देश पर निगम ने अभियान चलाकर कब्जे हटाए

**भिलाई, 29 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई ने आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। यह अभियान जोन-01 नेहरू नगर क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक चलाया गया, जहां सड़क किनारे कई व्यापारियों ने अपने दुकानों के सामने अस्थायी कब्जा कर रखा था। इन अतिक्रमणों के कारण आम जनों के आवागमन में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही थी।आयुक्त पांडेय ने स्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल जोन 1 सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, जोन 2 सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर कार्रवाई करने के



निर्देश दिए। टीम ने प्रातः 10ः30 बजे से दोपहर 2 बजे तक अभियान चलाया और जोन 1 एवं जोन 2 में कुल 90 दुकानों के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही, जोन 2 क्षेत्र के 12 दुकानदारों से सड़क बाधा शुल्क के रूप में 30,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त, 7 दुकानों के बाहर नाली पर की गई कंक्रीट ढलाई को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान व्यापारियों को भविष्य में सड़क पर कब्जा न करने की सख्त चेतावनी दी गई। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि निगम क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखना हमारी प्राथमिकता है। यदि कोई व्यापारी दोबारा सड़क पर कब्जा करेगा, तो उसके विरुद्ध और सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सके।

# बीएसपी में एक दिन में 2598 टन टीएमटी बार का रिकॉर्ड उत्पादन

**भिलाई, 29 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एकदिवसीय उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है। 26 अक्टूबर 2025 को बीआरएम ने 10 मिलीमीटर टीएमटी बार श्रेणी में 2598 टन (1261 बिलेट्स) का उत्पादन कर ÷दिवस कीर्तिमान÷ स्थापित किया। इससे पहले 21 सितंबर 2024 को दर्ज 2590 टन (1259 बिलेट्स) का रिकॉर्ड पार कर



संयंत्र ने अपनी दक्षता और सामूहिक प्रयास का प्रमाण दिया है। इस उपलब्धि पर निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र एवं कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने बीआरएम टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता संयंत्र की निरंतर प्रगति और उत्कृष्ट टीम भावना का प्रतीक है। मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने पूरी टीम को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि यह उपलब्धि संचालन से लेकर प्रबंधन तक सभी के समर्पण, अनुशासन और तकनीकी दक्षता का परिणाम है। उन्होंने कर्मचारियों, यूनियन प्रतिनिधियों एवं सहयोगी विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण एस.एन. त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत मोहंती, समीर पांडे एवं शिखर तिवारी उपस्थित रहे । उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के बीआरएम में निर्मित उत्पाद देश की प्रमुख परियोजनाओं सेंट्रल विस्टा, बुलेट ट्रेन, और अयोध्या के श्री राम मंदिर में प्रयुक्त हो रहे हैं, जो राष्ट्र निर्माण में भिलाई की भूमिका को और सशक्त बनाते हैं।

# जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सरपंच संघ की कार्यकारिणी घोषित


कैलाश उके को सरपंच संघ का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए उपाध्यक्ष पद पर मदन देवांगन सरपंच

■ कैलाश उके अध्यक्ष, लोचन वर्मा सचिव, गायत्री टेंभुरकर कोषाध्यक्ष नियुक्त

**डोंगरगढ़ 29 अक्टूबर।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायत सरपंचों की सर्वसम्मति व उपस्थिति में सरपंच संघ का गठन कर कार्यकारिणी पदाधिकारियो की घोषणा कर संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी ईमानदारी से अपने कार्यक्षेत्र में दायित्वों के निर्वहन करने की शपथ दिलाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। आपको बता दें कि 14 अक्टूबर 2025 को सरपंच संघ गठन करने हेतु बैठक आहुत की गई थी जिसमें उपस्थित सरपंचो की सर्वसम्मति से निम्न पदों पर नियुक्ति किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत बोरतलाव के सरपंच कैलाश उके को सरपंच संघ का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए उपाध्यक्ष पद पर मदन देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत (कोलिहापुरी नवागांव),कौशल चंद्रवंशी (बेलगांव), श्रीमती गायत्री मोहबे (शिवपुरी),रीता वर्मा (भोथली),लक्ष्मी पटेल (चिद्दों) है तो सचिव लोचन वर्मा (गाजमर्रा), सह. सचिव बर्सन नेटी (पीपरखार कला), कोषाध्यक्ष गायत्री टेंभुरकर (मुसराकला),सदस्य उर्मिला मंडावी (कलकसा), कविता मंडावी(बछेराभांठा), अमिला देवांगन (मेढ़ा), अंजली पड़ौती (रीवागहन), माहेश्वरी यादव (हरणसिंघी), पीताम्बर सिन्हा(धुसेरा), ओमप्रकाश लिल्हारे (छीपा), मीडिया प्रभारी प्रीतम मार्कण्डेय (उरईडबरी), सह.मीडिया प्रभारी इंद्रजीत साहू (पारागांव खुर्द) को नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान संघ के सदस्यों के द्वारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा व जनपद सीओ भगवती साहू को संघ के पदाधिकारियो के गठन की जानकारी देते हुए सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय की छायाप्रति व ग्राम पंचायतों के विकास कार्य के लिए 15 वें व 16 वें वित्त की राशि पंचायतों में आबंटित किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला ग्रामीण भाजपा मंत्री जैन कुमार मेश्राम, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय सिन्हा, भाजपा नेता रवि यादव, सुरेश सहारे सहित उपस्थित सरपंचों ने पदाधिकारियो को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अपने- अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक नजर

### दो श्रम उप निरीक्षक एवं एक श्रम कल्याण उप निरीक्षक को नोटिस

**बलौदाबाजार, 29 अक्टूबर।** महिला उत्पीड़न जांच समिति गठन के निरीक्षण के नाम पर व्यापारियों से पैसा उगाही के मामले में आरोपी श्रम निरीक्षक के साथ मौके पर मौजूद दो श्रम उप निरीक्षक एवं एक प्लेसमेंट श्रम कल्याण उप निरीक्षक को अपर श्रमायुक्त द्वारा नोटिस जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जारी नोटिस के अनुसार जांच समिति की रिपोर्ट में श्रम पदाधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा पॉस एक्ट के तहत आंतरिक परिवाद समिति के गठन करवाये जाने वाले दल में सम्मिलित श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक के द्वारा गुमाश्ता लायसेंस एवं पॉस समिति के गठन के नाम पर भयादोहन करते हुए राशि की अवैध वसूली किया जाना पाया गया है।उक्त श्रम विभागीय दल में श्रम उप निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी एवं श्रम कल्याण निरीक्षक (प्लेसमेंट )कार्तिकेय दुबे भी विभिन्न संस्थानों की जाँच के समय में सम्मिलित रहे और अपने दल के साथी को व्यापारियों से किये जा रहे अभद्र व्यवहार एवं अवैध वसूली को नहीं रोका जाना पाया गया। इस सम्बन्ध में तीनो उप निरीक्षक से स्पष्टीकरण 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने कहा गया है कि क्यों न श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक के अवैधानिक कृत्य में आपको भी भागीदार मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाए।

### लापरवाही पर चॉइस सेंटर संचालक की आईडी निरस्त

**बलौदाबाजार 29 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कार्य में लापरवाही बरतने पर एक चॉइस सेंटर संचालक के ई-डिस्ट्रिक्ट आईडी निरस्त कर दिया गया है। अपर कलेक्टर अवधराम टण्डन ने बताया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से चॉइस सेंटर संचालक को पूर्ण दस्तावेज अपलोड करना होता है। अपूर्ण दस्तावेज अपलोड करने पर समय पर प्रमाण पत्र जारी नही होता है जो कि संतोषप्रद स्थिति नहीं है। इसलिए विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम बड़गांव निवासी चॉइस सेंटर संचालक पुरन सिंह का आईडी निरस्त निरस्त किया गया है।

### एकल शिक्षकीय विद्यालय तराईमार में शिक्षा पहले से बेहतर हुई

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** घने जंगलों के बीच बसे इस गांव तक पहुँचना आसान नहीं, लेकिन यहां के बच्चों में ज्ञान प्राप्त करने की वही उत्सुकता है, जो शहरों के विद्यार्थियों में दिखाई देती है। कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के सबसे दूरस्थ वनांचल ग्राम पसान के आगे स्थित प्राथमिक शाला तराईमार वर्ष 1997 से शिक्षा की ज्योति जलाए हुए है। लंबे समय से यह विद्यालय एकलशिक्षकीय के रूप में संचालित हो रहा था। प्रधानपाठक श्री मना सिंह मेश्राम को अकेले ही पढ़ाई, कार्यालयीन कार्य, मध्याह्न भोजन, विद्यालय प्रबंधन और समुदाय से जुड़ी सभी जिम्मेदारियां निभानी पड़ती थीं। अवकाश या बीमारी की स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार शुरू की गई अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पहल ने इस समस्या का स्थायी समाधान किया। इस योजना के अंतर्गत तराईमार विद्यालय में श्री तुलसीदास कौशिक को शिक्षक के रूप में पदस्थ किया गया। उन्होंने 5 जून 2025 को विद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया और उनके आने से विद्यालय में नई ऊर्जा का संचार हुआ। वर्तमान में विद्यालय में 26 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें अधिकांश गरीब एवं आदिवासी परिवारों से हैं। श्री कौशिक बच्चों के साथ शीघ्र ही घुल-मिल गए और अब विद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं। बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है और शिक्षा का वातावरण उत्साहपूर्ण बन गया है। यह परिवर्तन केवल एक शिक्षक के पदस्थ होने का नहीं है, बल्कि यह राज्य सरकार की संवेदनशील और दूरदर्शी पहल का परिणाम है, जिसने दूरस्थ अंचल के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त किया है।



# सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूरा हुआ चार दिवसीय महापर्व छठ



**डोंगरगढ़ 29 अक्टूबर।** चार दिवसीय छठ महापर्व मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर ऐतिहासिक महावीर तालाब घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।घाट पर सौ से अधिक व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार के सुख, समृद्धि और आरोग्य की कामना की। छठ पूजा समिति महावीर तालाब घाट के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था हर बार की तरह इस बार भी की थी। इसमें घाटों की साफ-सफाई, पीने का पानी, साज-सज्जा, रोशनी और सुरक्षा के विशेष इंतजाम शामिल थे। इस दौरान घाट पर लोकगीत गाते हुए श्रद्धालुओं ने घाट के वातावरण को श्रद्धा, भक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। मंगलवार के सुबह 3 बजे उगते सूर्य को अर्घ्य देने के पहले दर्जन भर से अधिक श्रद्धालुओं ने कोसी की पूजा अर्चना की व हाथी की बोली लगाई। समाज प्रमुखों की माने तो मौसम खराब होने के कारण व्रतियों को आसमान में सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए । परंतु सूर्य उदय का मंगलवार को निर्धारित समय 6.26 था जिसको देख व्रतियों नें सूर्य देव का नमन करते हुए अर्घ्य देकर 36 घंटे का अपना निर्जला व्रत तोड़ा।

### समिति नें जताया आभार

चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन व रेलवे विभाग ने भी महावीर घाट पर समिति का सहयोग किया। जिसको देखते हुए समिति के शशिकांत द्विवेदी, लाल जी द्विवेदी, अरुण सिंह, मोनेश कुमार, घनश्याम पांडे, राजकुमार पांडे,अमलेश्वर सिंह, डॉ शर्मा, रामप्रवेश शुक्ला, चंद्रमणि ओझा, एचपी सिंह, विष्णु उपाध्याय,शिवजी यादव,छोटू पांडे,अनिल पोद्दार,सोमदत्त, राजेश शुक्ला,अनिमेष सिंह,पवन कुमार,शिव यादव, नीरज सिंह, राजू सिंह, मनोज शर्मा, राजन सिंह,अभिषेक सिंह,पंकज सिंह, अनिल शर्मा, आशीष सिंह, आशीष विश्वकर्मा नें विशेष रूप से प्रशासन की टीम का आभार जताया।

## गौरव ग्राम पंचायत मेघा में अटल समरसता भवन, सेंहभाठा में टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**कुरुद 29 अक्टूबर।** गौरव ग्राम पंचायत मेघा में अटल समरसता भवन सेंहभाठा में 19 लाख रुपये की लागत से मण्डी बोर्ड द्वारा स्वीकृत टीन शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह कार्य माननीय अजय चंद्राकर जी, विधायक कुरूद के विशेष प्रयासों से स्वीकृत हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे श्री विरेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष मगरलोड। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमति मीना डेमू साहू, सहकारिता सभापति जिला पंचायत धमतरी ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे – श्रीमति मनीषा ध्रुव (सरपंच, ग्राम पंचायत मेघा), श्री कल्याण सिंह राजपूत (बीजेपी मण्डल अध्यक्ष मेघा), श्री छत्रपाल साहू (उप सरपंच), श्रीमति यमुना केवल साहू (जनपद सदस्य), श्री योगेश्वर साहू, श्री वेदराम साहू (पंच), श्री संतोष साहू (बूथ अध्यक्ष), श्री कृष्णा साहू (पंच), श्रीमति खेम बाई साहू, श्रीमति संगीता यादव (पंच) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अटल समरसता भवन सेंहभाठा में टीन शेड निर्माण से ग्राम में सामाजिक, सांस्कृतिक व जनकल्याणकारी गतिविधियों के लिए एक सशक्त स्थल उपलब्ध होगा। ग्रामीणों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक अजय चंद्राकर जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में होगा तीन दिनी राज्योत्सव का आयोजन



**बलौदाबाजार, 29 अक्टूबर।** रजत जयंती के अवसर पर 2 नवंबर से 4 नवम्बर 2025 तक तीन जिला स्तरीय राज्योत्स्व का आयोजन पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान बलौदाबाजार में होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए गरिमापूर्ण आयोजन एवं समय पर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्य मंच निर्माण, मुख्य प्रवेश द्वार, वाहन पार्किंग, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं विभागीय प्रदर्शनी हेतु स्टॉल आदि के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने राज्योत्स्व स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, सभी स्टॉलो में सामान डिजाइन एवं आकार के फ्लेक्स लगाने कहा। उन्होंने मौके पर करीब 18 विभागों को विभागीय प्रदर्शनी हेतु स्टॉल का आवंटन भी किया। राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों से समन्वय करने तथा स्कूली बच्चों द्वारा भी संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु आवश्यक तैयारी करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

उन्होंने राज्योत्सव के दौरान 1 नवम्बर से 5 नवंबर तक तक सभी शासकीय कार्यालयों एवं शासकीय भवनों में रोशनी करने को कहा है। जिला स्तरीय राज्योत्स्व में विभागीय विकास प्रदर्शनी के साथ ही मुख्य मंच से हितग्राहियों को सामग्री वितरण, चेक वितरण एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किये जाएंगे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अवध राम टंडन, एसडीएम प्रकाश चंद्र कोरी, सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

## वनमंडलाधिकारी ने अमरूवा एवं गोलझार क्षेत्र का किया निरीक्षण

■ भक्तिन बांध एवं झिरिया बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने एवं रोजगार सृजन हेतु निर्देश



**बलौदाबाजार,29 अक्टूबर।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने सोमवार को भक्तिन बांध अमरूवा, बांस प्रसंस्करण केंद्र अमरूवा एवं झरिया बांध गोलझर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं, रोजगारमूलक गतिविधियों पर जोर दिया। वनमण्डलाधिकारी ने समिति सदस्यों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधनों का उपयोग कर स्थानीय स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल आजीविका और इको-टूरिज्म आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए।इसके साथ ही उन्होंने अमरुवा में स्व-सहायता समूहों को मछली पालन, मुर्गी पालन जैसी रोजगारमूलक गतिविधियाँ वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिए जिससे स्थानीय समुदायों की आयवृद्धि के साथ-साथ संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित हो सके।निरीक्षण के दौरान भक्तिन बांध अमरूवा और झरिया बांध गोलझर को पर्यटन दृष्टि से विकसित करने हेतु प्रस्तावित गतिविधियाँ जैसे नेचर ट्रेल, बर्ड वॉचिंग पॉइंट, सामुदायिक विश्राम स्थल एवं स्थानीय उत्पाद बिक्री केंद्र स्थापित करने के सुझाव भी दिए गए। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, संसाधन संभावनाएँ एवं वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा सहित सभी वनकर्मी, संबंधित वन समिति सदस्य एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### रेल्वे स्टेशन में चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार दूसरे की तलाश जारी



**भाटापारा 29 अक्टूबर।** बीते 18 अक्टूम्बर की रात एक सीमेंट संयंत्र मे कार्यरत सुरक्षा कर्मी किशोर द्विवेदी भाटापारा रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 3-4 मे बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे इसी बीच उनके पास रखा बैग किसी ने चुरा लिया बैग चोरी की जानकारी किशोर ने जीआरपी पुलिस को दी इसके बाद सुबह आरपीएफ पोस्ट को भी बैग चोरी की जानकारी दी, इस संबंध मे आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया चोरी की घटना का सी.सी.टीवी फूटेज की जांच करायी जिसमे प्रार्थी के पास वह बैग सीसी टीवी मे देखा वही बैग चोरी मे संलिप्त दो संदिग्ध भी नजर आये जिसके लिए आरपीएफ पुलिस ने टीम गठित की वहीं इसकी जानकारी शहर एवं ग्रामीण थाना को भी दी गई इसी क्रम मे 27 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली की पटपर नहर के पास एक बैग पडा हुआ है सूचना पर एसडीओपी भाटापारा के नेतृत्व मे पोस्ट प्रभारी भाटापारा संतोष कुमार शुक्ला,उपनि सी एस मिश्रा, चौकी प्रभारी जीआरपी भाटापारा एवं स्टाफ मिलकर पटपर के पास स्थित नाले से चोरी की गई दो नाली बंदूक एवं बैग को बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया एवं मामले मे संलग्न संदिग्ध छोटू सांवरा को आरपीएफपुलिस ने गिरफ्तार कर एक अन्य अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है।

### श्रीआदिगौड़ ब्राह्मण महासभा का दीपावली मिलन महोत्सव आयोजित



**भाटापारा 29 अक्टूबर।** श्रीआदिगौड़ ब्राह्मण महासभा का दीपावली मिलन समारोह कुंदन भवन में संपन्न हुआ । सर्वप्रथम समस्त देवी देवताओं के जयघोष के साथ समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा द्वारा उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं को दीपावली की मंगलमयी शुभकामनाएं दी एवं सामाजिक भवन में हो रहे विकास कार्यो से उन्हें अवगत कराया तथा भविष्य में समाज के उत्थान के लिए होने वाले कार्यो की रुपरेखा रखी । इस अवसर पर समाज के अन्य सदस्यों ने भी समाज हित में अपने विचार रखे । इस दीपावली मिलन समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं ट्रस्टी रमेश तिवारी, डा ओ पी शर्मा,अनिल भृगु,पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ( फगा महाराज ) ,संतोष शर्मा,सत्यनारायण शर्मा, ओम प्रकाश जोशी,सुशील भृगु,देवेंद्र भृगु,रुपेश तिवारी,रवि भृगु,राजेंद्र शर्मा,धनश्याम वैष्णव,प्रमोद शर्मा,लक्ष्मीनारायण शर्मा( लच्छू काका),नरेश शर्मा, राजेश भृगु,विजय पाण्डेय, देवा शर्मा,प्रमेन्द्र भृगु,प्रमेंद्र तिवारी ( पूर्व पार्षद),तरुण पाण्डेय,मधुसूदन शर्मा,देवनारायण शर्मा,रवि पाण्डेय,राजू तिवारी,आतिश शर्मा,शिवा तिवारी,नरेंद्र शर्मा ( निक्की )शैलेश दवे एवं मंदिर के पुजारी पंडित रमाकांत त्रिपाठी सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे अंत में सभी के प्रति आभार समाज के महासचिव विजय पाण्डेय द्वारा किया गया।

## नगर निगम ने अभियान चलाकर शहर के अंदर एवं मेन रोड से पकड़े 18 मवेशी



**राजनांदगांव 29 अक्टूबर।** नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में बसंतपुर क्लब चौक, महामाया चौक, गंज मण्डी चौक, नंदई चौक, कुँआ चौक, चौखडिया पारा, रेवाडीह चौक, आम्बेडकर चौक हाईवे रोड से 18 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी, मवेशियो को रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है, जहॉ उन्हे मण्डी से बचे फ्ल सब्जी का पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। पशु मालिकों की सजगता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है।

नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित की है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। आज की कार्यवाही में बसंतपुर क्लब चौक, महामाया चौक, गंज मण्डी चौक, नंदई चौक, कुँआ चौक, चौखडिया पारा, रेवाडीह चौक, आम्बेडकर चौक हाईवे रोड से 18 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है, जहॉ उन्हे पैरा कुट्टी के साथ साथ बसंतपुर गंज मण्डी सें बचे फ्ल सब्जी प्रतिदिन लाकर खिलाया जा रहा है, ताकि उन्हे पौष्टिक आहार मिलता रहे, बीमार मवेशियो को गौशाला पिंजरापोल लेजाकर ईलाज भी कराय जाता है। साथ ही उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। रात मे भी निगम का अमला चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को भगाने की कार्यवाही कर रही है। पकडे मवेशियो को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा। आयुक्त ने मवेशी मालिको से अपील की है कि वे अपना मवेशी बांध कर रखे। मवेशी खुला छोडने से यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

# गरीबों–किसानों की सभी समस्याओं का संवेदनशीलता से करें निराकरण: टंकराम

■ कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने सुहेला में नवीन तहसील भवन का किया लोकार्पण

■ ग्राम रावन और झीपन में विभिन्न निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण और भूमिपूजन



**बलौदाबाज़ार,29 अक्टूबर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को विकासखंड सिमगा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।उन्होंने सुहेला में 71.12 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन तहसील भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही ग्राम रावन एवं झीपन में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। ग्राम झीपन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर तालाब सौन्दर्यीकरण एवं महतारी सदन हेतु 15 -15 लाख रुपये देने की घोषणा की। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि तहसील कार्यालय के नवीन भवन की सुविधा मिलने से आसपास के गाँव के किसानों और आम नागरिकों को बहुत सहूलियत होगी। श्री वर्मा ने इस दौरान यहाँ तैनात राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों-किसानों की समस्या और पीड़ाओं का संवेदनशीलता से निराकरण करें। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरण हो सकेगा।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर जिला मुख्यालय स्थित संपर्क केंद्र में भी संपर्क कर सकते हैं।

इसके पूर्व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने ग्राम रावन में आयुर्वेदिक अस्पताल से बावा देव तक 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित गौरव पथ का लोकार्पण, 10 लाख रुपये की लागत से आयुर्वेदिक अस्पताल में बाउंड्रीवाल और हायर सेकंडरी स्कूल रावन में 10 लाख रुपये की लागत से क्रांकिटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार ग्राम झीपन में प्रार्थना शेड और स्काउट गाइड भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का लोकार्पण और कुर्मी समाज के सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में और आमजन उपस्थित थे ।

### प्रधानमंत्री जनमन योजना ने बदली विशेष पिछड़ी जनजातीय के बैगा परिवारों की तकदीर

**रायपुर,29 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आदिवासी जनजाति न्याय महा अभियान पीएम-जनमन योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना से जिले के दुर्गम वनांचल पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के परिवारों को पक्के मकान से लाभान्वित करना है। कबीरधाम ज़िले के विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत-ढोलबज्जा की निवासी श्रीमती सुकरतीन बाई बैगा, श्री महेन्द्रलाल ध्रुव एवं श्रीमती जाम बाई बैगा को योजना से पक्का आवास प्राप्त हुआ। ये तीनों अपने नये घर में प्रवेश करते हुए कहते है कि जनमन योजना ने हमारी दशा और दिशा दोनों बदल दी। योजना से जीवन मे आये सुखद बदलाव को आवास लाभार्थियों ने बताया। लाभार्थी सुकरतीन बाई बैगा बताती है कि पहले हम कच्ची छत एवं कच्ची मिट्टी से बने पुश्तैनी मकान में परिवार सहित रहते थे।

## बिहार चुनाव में वादे बड़े बड़े कर रहे

### संपादकीय

बिहार चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने सभा में तो बड़े बड़े वादे किए हैं। सभा के वादों पर जनता यकीन नहीं करती है, क्योंकि सभा में तो नेता कई बार बड़ी बड़ी बातें बोल जाते हैं बाद में उससे मुकर जाते हैं। जनता राजनीतिक दल के घोषणा पत्र को ही विश्वसनीय मानती है यानी घोषणा पत्र में राजनीतिक दल या दलों ने जो कहा है वह लिखित में होता है इसलिए जनता सभा के वादों से ज्यादा घोषणापत्र पर भरोसा करती है।यही वजह है कि बिहार में अब राजनीतिक दलों ने घोषणापत्र जारी करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले इसकी शुरुआत राजद ने की है। राजद के नेता तेजस्वी ने इस मामले में बाकी दलों को पीछे छोड़ दिया है। कई राजनीतिक दल तो इंतजार करते हैं कि दूसरा दल पहले घोषणापत्र जारी करे उसके बाद उसकी टक्कर का घोषणापत्र या उससे बेहतर घोषणापत्र हम जारी करेंगे। ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणापत्र में नया कुछ नहीं होता है, सबकी घोषणाएं मिलती जुलती होती है,सब एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं कि उसने हमारे घोषणापत्र की नकल की है। जो राजनीतिक दल पहले घोषणापत्र जारी करता है, वह दूसरे दलों पर आरोप लगाता है कि बाकी लोगों ने उसके घोषणापत्र की नकल की है। तेजस्वी यादव के घोषणापत्र जारी करते समय सभी दलों के नेताओं को बुलाया गया था इसमें कांग्रेस से पवन खेड़ा मौजूद रहे, कहा गया था कि इस कार्यक्रम में प्रियंका गांधी मौजूद रहेंगी लेकिन प्रियंका गांधी के भी न होने से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस घोषणापत्र व तेजस्वी को प्रमुखता दिए जाने से खुश नहीं है, यही वजह है कि कांग्रेस की तरफ से न तो राहुल गांधी इस मौके पर थे न ही प्रियंका गांधी को भेजना ठीक समझा गया। बिहार में लालू परिवार की कोशिश यह बताने की रही है कि बिहार की राजनीति में बाकी दल सहयोगी हैं, प्रमुख दल राजद है, वह जो चाहेगा वैसा ही होगा। घोषणापत्र में भी वही बाते हैं जो राजद ने कही है। बाकी नेताओं की बातों को इसमें कोई महत्व नहीं दिया गया है। यानी कहने को तो महागठबंधन लेकिन इसमें सबसे ज्यादा महत्व राजद व तेजस्वी को दिया जा रहा है। राजद के घोषणा पत्र में सबसे प्रमुख घोषणा यही है कि बिहार के हर परिवार के एक आदमी को नौकरी सरकार बनने के बीस दिन के भीतर दी जाएगी। इससे अलावा सभी वर्ग के लोगों को कुछ न कुछ देने का वादा किया गया है ताकि सभी वर्गों का वोट महागठबंधन के मिल सके और उसकी सरकार बन सके। राज्य के अस्थायी कर्मियों को स्थायी करने,कौशल आधारित रोजगार पैदा करने,पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने,माई बहन मान योजना,बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को ज्यादा पेंशन, 200 यूनिट बिजली फ्री, प्रतियोगी परीक्षा शुल्क समाप्त, परीक्षा केंद्र तक मुफ्त यात्रा सब इसी तरह की घोषणाएं हैं। कई चुनावों के परिणाम से यह साफ हो गया है कि राजनीतिक दलों के नेताओं की घोषणाओं से कुछ नहीं होता है, असली बात तो यह होती है कि जनता नेता पर कितना भरोसा करती है। राजद के नेताओं का सवाल है तो जनता सबसे ज्यादा लालू यादव को जानती है पर लालू यादव जंगल राज व भ्रष्टाचार के चलते इतने बदनाम है जनता लालू यादव के नाम पर वोट देने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि राज्य के प्रचार पोस्टरों में तेजस्वी की फोटो है लेकिन लालू की फोटो कहीं नही दिखती है। तेजस्वी यादव का नाम भी घोटाले में लालू यादव,राबड़ी यादव के साथ आने से दागी तो वह भी हो गई हैं जनता कह सकती है, सोच सकती है जैसा बाप वैसा बेटा है। नीतीश कुमार ने पांच साल में राज्य की महिलाओं सहित सभी वर्गों के लोगों के लिए बहुत कुछ किया है, उस पर केंद्र सरकार के साथ मिलने से भी चुनाव के पहले बहुत से काम कराए गए हैं, बहुत सी घोषणाएं की गई हैं। नीतीश कुमार की बड़ी ताकत महिलाओं के वोट हैं। उन्होंने चुनाव के पहले एक करोड़ महिलाओं को दस दस हजार देकर संदेश दे दिया है कि नीतीश सरकार ही उनको हर तरह सशक्त कर सकती है। एनडीए की तरफ से नीतीश कुमार को सीएम बनाए जाने की बात और नीतीश व चिराग पासवान के बीच संबंध सुधर जाने से माना जा रहा है कि अब ईमानदार नीतीश कुमार व लालू के पुत्र तेजस्वी के बीच ही मुख्य मुकाबला होगा। बाकी दलों की भूमिका तो दोनों को नुकसान या फायदा पहुंचाने की होगी। जिसको ज्यादा नुकसान होगा उसकी सरकार नहीं बनेगी जिसे ज्यादा फायदा होगा उसकी सरकार बनेगी।

# 'झूठ की बिसात' पर सत्ता की 'कारगुज़ारियां'

राजनीति

निर्मल रानी





बिहार में विधान सभा चुनावों की गहमागहमी के बीच चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। सत्ता और विपक्ष दोनों ही ओर से स्टार प्रचारकों द्वारा एक दूसरे को नीचा दिखाने व एक दूसरे पर लांछन लगाने का खेल जारी है। इसी मुहिम के तहत जनता के बीच भरपूर 'झूठ' भी परोसा जा रहा है। कभी कभी तो ऐसा लगता है कि 'झूठ ' का सबसे गहरा रिश्ता राजनेताओं से ही है। मिसाल के तौर पर महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। इसके अतिरिक्त सभी जीविका दीदियों की नौकरी को स्थाई करने व कम से कम 30,000 मासिक वेतन देने और जीविका योजना के तहत 2 साल बिना ब्याज़ ऋण दिए जाने का भी वादा किया है। इसके अतिरिक्त सभी संविदा, नियोजित और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थायी करना,पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करना,,महिलाओं को 2,500 मासिक सहायता ,हर परिवार को 200 यूनिट मुफ़्त बिजली,वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगों को ₹1,500 मासिक ,प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फ़ॉर्म शुल्क मुआफ़ करने और परीक्षा केंद्र तक मुफ़्त यात्रा,किसानों को सभी फ़सलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी,जैसे अनेक ऐसे वादे किये गये हैं जिन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन तेजस्वी यादव का हवाई क़िला बता रहा है। क्योंकि राज्य का बजट इतने बड़े ख़र्च को उठा पाने की स्थिति में नहीं है। परन्तु ऐसे सवालों पर तेजस्वी फ़रमाते हैं कि "हम आउट ऑफ़ बॉक्स सोचते हैं"। गोया वादा करने वालों की नज़र में यह सोच 'आउट ऑफ़ बॉक्स ' वाली है तो महागठबंधन की नज़र में इस तरह के वादे झूठ बल्कि महाझूठ हैं ।

अब देखिये बिहार चुनाव से जुड़ी सत्ता की बानगियाँ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान खगड़िया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार जैसे नेताओं पर "चार आने का भी भ्रष्टाचार" का आरोप नहीं लगा है। उन्होंने राजग राज को "विकास का राज" बताया और विपक्ष को "लठबंधन" का नाम दिया। अमित शाह ने ज़ोर देकर कहा कि "केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, बिहार का विकास कर सकते हैं।" इसके पहले भी कई बार स्वयं प्रधानमंत्री मोदी,गृह मंत्री व मुख्यमंत्री नितीश कुमार 'भ्रष्टाचार मुक्त ' सरकार के दावे हैं जबकि 20 वर्ष पुराने लालू राज को जनता को याद दिलाकर महागठबंधन के प्रति भय पैदा करने की कोशिश करते रहते हैं। परन्तु इनके भ्रष्टाचार मुक्त व सुशासन राज होने जैसे फ़र्ज़ी दावों की क़लई प्रमाण सहित प्रशांत किशोर अक्सर खोलते रहते हैं। याद कीजिये पिछले 5 वर्षों के भीतर इसी बिहार में और इसी मोदी-नितीश काल में एक दो नहीं बल्कि अनेक बड़े पुल ध्वस्त हो गये। कई निर्माणाधीन थे तो कई उद्घाटन की प्रतीक्षा में तो कई ऐसे जिनका कुछ समय पूर्व ही उद्घाटन किया गया था। भ्रष्टाचार का इससे बड़ा सुबूत और क्या चाहिये? जनता के टैक्स के हज़ारों करोड़ रूपये ऐसे भ्रष्ट निर्माण की भेंट चढ़ने के बावजूद यह दावा करना कि "केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, इससे बड़ा झूठ और मज़ाक़ जनता के साथ और क्या हो सकता है ? बिहार में भ्रष्टाचार के ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं।

इसी तरह बिहार चुनाव की बेला में ही रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गत 18 अक्टूबर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने ट्रेन में यात्रियों से बातचीत भी की। ख़बरों के अनुसार उन्होंने यात्रियों को आश्वासन दिया कि दीपावली व छठ जैसे त्योहारों के दौरान कोई कमी नहीं होगी और रेलवे गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले सरकार द्वारा दावा किया गया था कि दीपावली और छठ पर 12,000 से अधिक विशेष रेलगाड़ी चलेंगी।

इस ख़बर पर भी ख़ूब जगहंसाई हुई थी क्योंकि देश भर में इस समय चलने वाली कुल सवारी रेल गाड़ियों की संख्या 13,000 के लगभग है ऐसे में 12,000 से अधिक विशेष रेलगाड़ी चलाने का दावा,महाझूठ के सिवा और क्या कहा जा सकता है ?और यदि इन दावों में लेशमात्र भी सच्चाई होती तो दीपावली व छठ के दौरान यू पी बिहार व झारखण्ड जैसे राज्यों में आने जाने वाले यात्रियों को कम से कम इसतरह का असहनीय व अकल्पनीय कष्ट तो न उठाना पड़ता ? रेल मंत्री द्वारा दिल्ली में पूर्व नियोजित तरीक़े से व पूर्ण सुरक्षा के साथ किसी ट्रेन में चढ़कर केवल चुनावी स्टंट व मीडिया में सुर्ख़ियां बटोरने की ग़रज़ से रेल यात्रियों से संवाद करना और बात है परन्तु सच्चाई तो यही है कि इन त्योहारों के दौरान ट्रेन में चढ़ना तो दूर रेल मंत्री महोदय बिना सुरक्षा के प्लेटफ़ॉर्म तक पर नहीं घूम सकते थे रेल यात्रियों की इस क़द्र अनियंत्रित भीड़ का आवागमन हो रहा था। ट्रेन के डिब्बों में चाहे वे ए सी हों या स्लीपर क्लास आरक्षित कोच,इन सब में यात्रियों को किन दुर्दशा के दौर से गुज़रना पड़ा है यह केवल यात्री या भुक्त भोगी ही बता सकते हैं।

गोदी मीडिया की नज़रों में तो सरकारी सुनहरा पक्ष ही सत्य का सबसे बड़ा दस्तावेज़ है ? ऐसी ही एक ख़बर ने पिछले दिनों सरकार की बड़ी फ़ज़ीहत कर डाली। बिहार चुनाव के मद्देनज़र दिल्ली स्थित यमुना नदी के तट पर स्थित वासुदेव घाट पर छठ पूजा के अवसर पर पवित्र स्नान करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम बना। इस आयोजन के लिये वासुदेव घाट पर प्रधानमंत्री के स्नान के लिए एक "नक़ली यमुना" बनाई गई है। असली यमुना के साथ ही बनी इस "नक़ली यमुना" में कथित तौर पर वज़ीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से फ़िल्टर किया गया पीने का पानी पाइपलाइन के माध्यम से पहुँचाया गया। क्योंकि असली यमुना का पानी ज़हरीला व रासायनिक झाग से भरा हुआ है। दिल्ली पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, यमुना का पानी स्नान के लिए अयोग्य है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। परन्तु केवल बिहार के मतदाताओं को रिझाने के लिये यह नाटक रचा गया। विपक्ष ने इसे धार्मिक भावनाओं का अपमान,चुनावी स्टंट व फ़र्ज़ीवाड़ा बताया। प्राप्त ख़बरों के अनुसार सोशल मीडिया पर इस फ़र्ज़ी यमुना की ख़बर के चलते हो रही फ़ज़ीहत के मद्देनज़र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वासुदेव घाट पर छठ पूजा स्नान कार्यक्रम रद्द हो गया। इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जायेंगे जिनसे पता चलता है कि सत्ता की 'कारगुज़ारियां वास्तविकता में कुछ और होती हैं जबकि 'झूठ की बिसात' पर ' कुछ और।

### सू- दोकू क्र. 212

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

#### सू-दोकू क्र 211 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

### शब्द सामर्थ्य -212

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, थकावट, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, अंबु 15. बैठा हुआ, विराजित 16. मृत्यु 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रेत का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रिवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, रुची, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. चिंताग्रस्त, दुखी, अधमरा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 211 का हल



## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा, तभी उन्हें कोई अच्छी सफलता हासिल होती दिख रही है। आप किसी विरोधी के बातों में ना आएं। आपको छोटी-छोटी लाभ की योजनाओं से भी बेहतर लाभ मिलेंगे। बिजनेस में आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन प्रॉपर्टी को लेकर कोई बवाल खड़ा हो सकता है।

**वृषभ** आज आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा। आप अपने वाणी की सौम्यता से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। कोई राजनीतिक मामला आपको समस्या दे सकता है। आप किसी लंबी दूरी पर की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। कारोबार में आप कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें। आपको अपने कामों में स्पष्टता बनाए रखनी होगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको काम को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपको अपने माता-पिता की सेवा करने से सुकून मिलेगा, जिससे आपके काम भी पूरे होंगे।

**कर्क** आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ने से खुशी होगी और कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन आनंदमय रहेगा। छोटे बच्चों के लिए आज आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। धन-धान्य में वृद्धि होने से आज आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी यदि कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप अपने घर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं।

**सिंह** आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, जिसमें आपको मनपसंद काम मिलेगा और आप मेहनत से काम करके एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके शुभचिंतक हो सकते हैं। आपको अपने कामों में स्पष्टता बनाए रखनी होगी। आप किसी विरोधी की बातों में ना आएं। कोई सरकारी मामला आपको टेंशन दे सकता है, इसलिए उसे समय से निपटाने की पूरी कोशिश करें।

**कन्या** आज का दिन आपके कार्यों में सफलता लेकर आएगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता करना होगा, लेकिन आप अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर ही आगे बढ़े, नहीं तो आप बेफिजूल के खर्चों को पहले करेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको डूबा हुआ धन मिलने से आज आपको खुशी होगी। आपकी कोई मन की इच्छा की पूर्ति होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपनी जरूरत के हिसाब से कामों को करना बेहतर रहेगा। परिवार में सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी।

**वृश्चिक** आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आपको किसी की सलाह पर ना चले और आपका कोई सहयोगी आपकी मदद के लिए आगे आएगा। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। आपके सामने आज कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आप अपने परिवार के मामलों को मिल बैठकर आसानी से निपटा लें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में भी कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपका पद भी ऊंचा होगा और आपको इंक्रीमेंट भी मिल सकता है। आपका कोई मित्र आपके कामों में बाधा अटकाने की कोशिश करेगा। आपको किसी बड़े काम की शुरुआत करना बेहतर रहेगा, लेकिन फिर भी आपको भाई-बहनों से बातचीत करके कोई फैसला लेना बेहतर रहेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी उनके साथी की दस्तक हो सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा। आप किसी गरीब की मदद के लिए आगे आएंगे। राजनीति में आपको कोई सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा, उसे बिल्कुल दोबारा ना दोहराएं और परिवार में सदस्यों से बातचीत करने के लिए समय निकाले, जिससे उनके मन में चल रही दुविधा को खत्म करने की कोशिश करें।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चो पर लगाम लगाने के लिए रहेगा और आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है। किसी अजनबी की बातों में आकर कोई इंवेस्टमेंट ना करें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ने से आपको काम को लेकर कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे, लेकिन आपकी वाणी पर आपको थोड़ा संयम रखने की आवश्यकता है। आप किसी की कही सुनी बातों पर बिल्कुल भरोसा ना करें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

# एसआईआर की सार्थक पहल का विरोध नहीं, स्वागत हो

ललित गर्ग



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा करके चुनाव विसंगतियों एवं कमियों को दूर करने का सराहनीय एवं साहसिक कार्य किया है। यह पहल न केवल तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया भर है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने की एक निर्णायक कोशिश है। लोकतंत्र की आत्मा उसके निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता में बसती है और चुनाव आयोग का यह कदम उसी दिशा में एक ठोस, सकारात्मक और आवश्यक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया से सबक लेते हुए इस बार आयोग ने प्रक्रिया के लिए अधिक समय दिया है, ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी से बचा जा सके। आधार कार्ड को एक सहायक दस्तावेज़ के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल बनेगी।

निश्चित ही इस बार 12 राज्य संख्या में ज्यादा हैं तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं, इनमें से केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल विधानसभा चुनाव है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है। मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से अधिकांश वहीं बस जाते हैं। कई बार देखा गया है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं, वहीं नये पात्र नागरिकों के नाम दर्ज नहीं हो पाते। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक, इस विसंगति के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होता है और चुनावी परिणामों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह पहल-इन खामियों को दूर करने की दिशा में एक संगठित और वैज्ञानिक लोकतांत्रिक प्रयास है। यदि यह कार्य धरातल पर ईमानदारी से लागू हुआ, तो यह मतदाता सूची की पवित्रता और लोकतंत्र की गरिमा दोनों को बढ़ाएगा।

भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह बहुत जरूरी है, इसके लिये राजनीतिक दलों की भूमिका एवं सहयोग अपेक्षित है, वे इस प्रक्रिया को सकारात्मक दृष्टि से लें। इस सराहनीय एवं नितांत अपेक्षित उपक्रम के लिये विपक्षी दलों के द्वारा विरोध का वातावरण बनाना एवं इस दिशा में आधारभूत कार्य करेगा यानी चुनावी डाटा की सफाई और पुनर्गठन। भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यास के रूप में जानी जाती है। लेकिन यह गौरव तभी सार्थक होगा जब मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की निष्पक्षता और आचार संहिता के पालन में कोई संदेह न रहे। चुनाव आयोग की यह पहल उसी लक्ष्य की ओर एक ठोस कदम है। लोकतंत्र केवल मतों की गिनती नहीं, बल्कि विश्वास की गिनती है और यह विश्वास चुनाव आयोग की ईमानदारी, पारदर्शिता और सक्रियता पर टिका है। जन-प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा 21 चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और उनको संशोधित करने का अधिकार देती है। मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार ही नहीं, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की अनिवार्य आवश्यकता भी है। विडंबना यह है कि कुछ दलों को इस आवश्यकता की पूर्ति किया जाना रास नहीं आ रहा है। उन्होंने बिहार में एसआईआर को लेकर आसमान सिर पर उठाया और वोट चोरी के जुमले के सहारे सड़कों पर उतरने के साथ ही



आस्तीनें चढ़ाना उनकी विश्वसनीयता एवं जिम्मेदारी पर प्रश्न खड़ा करता है। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव आयोग सुधारात्मक कदम उठाता है, तो विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। परंतु लोकतंत्र का स्वास्थ्य तब ही सुदृढ़ होगा जब सभी दल 'पारदर्शिता' को 'राजनीतिक लाभ-हानि' से ऊपर रखेंगे। विपक्ष को चाहिए कि वह इस पहल का विरोध करने की बजाय स्वागत करे और इसे सही दिशा में लागू कराने में सहयोग दे, न कि शंका और अविश्वास के चश्मे से देखे। बहरहाल, राजनीतिक पार्टियों की यह महती जिम्मेदारी है कि वे सिर्फ दोषारोपण करने तक सीमित न रहें, बल्कि इस पूरी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। इसी तरह, नागरिक संगठनों के लिए भी यह सक्रिय होने का समय है। उनकी निगरानी बीएलए के काम को अधिक सरल व सटीक बना सकती है।

कुल मिलाकर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का सपना दिखाने वाले चुनाव आयोग के सामने अभी अपनी इस प्राथमिक जिम्मेदारी को ही निर्विवाद रूप से पूरा करने की चुनौती है। डिजिटल युग में चुनाव सुधार केवल मानव संसाधन या प्रशासनिक इच्छाशक्ति का नहीं, बल्कि तकनीकी पारदर्शिता का भी प्रश्न है। बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन नामांकन और डेटा क्रॉस-वेरिफिकेशन जैसे उपाय अब आवश्यक हो चुके हैं। विशेष ग्रहण पुनरीक्षण सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। मगर उनकी दाल न सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गली और न ही बिहार की जनता के बीच तो इसीलिए कि वे कोरा दुष्प्रचार कर रहे थे। ज्ञानेश कुमार की यह पहल केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति में नवीनीकरण का संदेश है। चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनविश्वास की परीक्षा भी है। यदि यह अभियान ईमानदारी और जनसहभागिता के साथ पूरा होता है, तो यह भारत के लोकतंत्र को और परिपक्व बनाएगा। अब जिम्मेदारी केवल चुनाव आयोग की नहीं, बल्कि हर नागरिक और राजनीतिक दल की भी है कि वे इस सुधारात्मक पहल का स्वागत करें और लोकतंत्र के इस महापर्व को निष्कलंक बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। क्या यह विचित्र नहीं कि विपक्षी दल मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों की शिकायत भी करते हैं और उनके पुनरीक्षण का विरोध भी? हालांकि उनके दुष्प्रचार की पोल खुल चुकी है, फिर भी चुनाव आयोग को इसके लिए तैयार रहना होगा कि विपक्ष शासित राज्य एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध कर सकते हैं। उसे इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि मतदाता सूचियों को ठीक करने की प्रक्रिया में किसी तरह की गलती न होने पाए, क्योंकि विपक्षी दल छोटी-छोटी बातों को तूल देकर इस संवैधानिक प्रक्रिया को श्रीहीन करने की चेष्टा कर सकते हैं।

एक नजर

### श्रीराम धर्मशाला में मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती



**गीदम, 29 अक्टूबर ।** जिले के गीदम नगर में स्थित श्रीराम धर्मशाला में मंगलवार शाम भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती मनाई गई । इस मौके पर समाजजनो के द्वारा धर्मशाला प्रांगण में भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन जी की पूजा अर्चना की गई एव आरती का आयोजन हुआ । इसके पश्चात प्रसाद वितरण एव स्वलापाहर किया गया । गौरतलब है कि सहस्त्र बाहु अर्जुन जी की जयंती कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है । गीदम नगर में हर वर्ष इस दिन सर्व गुप्ता समाज द्वारा यह आयोजन धूमधाम से मनाया जाता है । इस बार भी यह धार्मिक आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस दौरान समाज के अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता ने सभी समाजजनों को सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती पर बधाई दी । इस मौके पर विदेराज अग्रहरि, शिवकुमार गुप्ता, लल्लू प्रसाद गुप्ता, महादेव गुप्ता, रामकिशोर गुप्ता, शंकर शिवहरे, राजा गुप्ता, अमित गुप्ता, अंकित गुप्ता, मनीष गुप्ता , मनोज गुप्ता, वैभव गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, आशुतोष शिवहरे, सूरज शिवहरे, महेश शिवहरे, अजय शिवहरे, राजेश गुप्ता, शौर्य समेत समाज के अन्य वरिष्ठ, कनिष्ठ नागरिक एव बच्चे मौजूद रहे।

### सुकमा में सर्चिंग के दौरान 40 किलो का आईईडी बरामद

**सुकमा, 29 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के थाना फूलबगड़ी क्षेत्रांतर्गत फूलबगड़ी-बड़ेशेट्टी मार्ग पर जिला पुलिस बल एवं 159 सीआरपीएफ के 159 बटालियन के जवानों ने सर्चिंग के दौरान आज मंगलवार को सड़क किनारे लगाए गए लगभग 40 किलोग्राम वजनी आईईडी को बरामद कर, मौके पर ही सुरक्षित तरीके से विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से अईईडी लगाया गयी थी। सर्चिंग के दौरान संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर बम डिस्पोज़ल टीम को सूचना दी गई। बीडीएस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए, आईईडी बरामद कर नष्ट कर दिया। घटनास्थल पर किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति की क्षति नहीं हुई है। जिला पुलिस बल और 159वीं बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त टीम के द्वारा घटना स्थल के आस-पास सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में छिपे नक्सली कनेक्शन एवं अन्य संभावित विस्फोटक सामग्रियों का पता लगाया जा सके।

### इनफैंट्री बटालियन भर्ती रैला का आयोजन 10नवंबर से

**कांकेर 29 अक्टूबर।** मिलिट्री स्टेशन छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया से प्राप्त जानकारी अनुसार 155 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) जैक राइफल्स में भर्ती रैली का आयोजन 10 नवम्बर से 09 दिसम्बर के बीच नया रायपुर के मिलिट्री स्टेशन में किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं बिहार राज्य के उम्मीदवार शामिल हो सकेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नया रायपुर मिलिट्री स्टेशन छत्तीसगढ़ एवं ओडिसा सब एरिया में कार्यालयीन समय में मोबाइल नंबर 8899912934 एवं 9622202900 में संपर्क किया जा सकता है।

### भैरमगढ़ एरिया कमेटी इंचार्ज कमलू ने संगठन छोड़ा, करेगा आत्मसमर्पण

**बीजापुर , 29 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के भैरमगढ़ एरिया कमेटी के इंचार्ज और डिवीजनल कमेटी मेंबर (डीव्हीसीएम) कमलू जल्द ही बीजापुर एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण कर सकता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कमलू ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की इच्छा जताई है, उसने आत्मसमर्पण करने के लिए नक्सली संगठन छोड़ दिया है। कल डीआरजी जवानों के साथ कमलू के जांगला थाना क्षेत्र में पहुंचने की सूचना है।यदि डिवीजनल कमेटी मेंबर (डीव्हीसीएम) कमलू का आत्मसमर्पण होता है, तो यह बीजापुर जिले में माओवादी मोर्चे पर एक बड़ी सफलता मानी जाएगी।

कमलू के आत्मसमर्पण से बीजापुर जिले में तीन एरिया कमेटियां मद्देड, भैरमगढ़ और गंगालूर अब पूरी तरह नेतृत्वहीन हो जायेंगी। हालांकि पुलिस ने अभी तक इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन कमलू सुरक्षा एजेंसियों के संपर्क में है।

## करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तर

# चारामा में आज से तीन दिवसीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन




**चारामा,29 अक्टूबर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर संभाग में तीन दिवसीय बस्तर ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक 25 अक्टूबर से 05 नवंबर तक विकासखण्डों में एवं 05 से 15 नवम्बर तक जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें व्यक्तिगत खेलो में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, कराते आदि खेल होगा वहीं दलीय खेलों में फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, बॉलीबॉल एवं रस्साकसी जैसे प्रदर्शनात्मक खेलों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में चारामा विकासखण्ड मुख्यालय के शहीद वीर नारायण सिंह मिनी स्टेडियम में बस्तर ओलंपिक 2025 का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसके लिए स्टेडियम की साफ-सफाई कर मैदान की चुना से मार्किंग कर आवश्यक तैयारी किया गया है। इस खेल में जूनियर वर्ग में 14 से 17 आयु वर्ग के बालक बालिका को रखा गया है वहीं सीनियर वर्ग में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरूषों को खेल में अपना जौहर दिखाने का मौका मिलेगा। बस्तर ओलंपिक में बस्तर संभाग के सभी जिलों दंतेवाडा, बीजापुर, सुकमा, कांकेर, नारायणपुर, कोंडागांव एवं बस्तर को सहभागी जिले के रूप में शामिल किया गया है।



# शिवसेना ने जर्जर भानुप्रतापपुर-कांकेर मार्ग को सुधारने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कांकेर, 29 अक्टूबर ।** जिले के भानुप्रतापपुर शिवसेना द्वारा भानुप्रतापपुर से कांकेर जाने वाली मार्ग की जर्जर स्थिति की सुधार करने के लिए कलेक्टर के नाम एसडीएम भानुप्रतापपुर को आज मंगलवार को ज्ञापन सौंपा है। शिवसेना के वरिष्ठ नेता महेश वासुदेव दुबे ने कहा भानुप्रतापपुर कांकेर पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है, सड़क पर डामर उखड़ कर गहरे बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। जिससे उसमें चलने वाले आमजनता, गाड़ियां, मोटर सायकल, राहगीरों को बहुत ही तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर दुर्घटना के आशंका उत्पन्न हो रही है। दुबे ने आगे कहा इस मार्ग पर भानुप्रतापपुर रानवाही, भानबेड़ा, कुर्री, कोरर, मरकाटोला आदि बड़े एवं छोटे ग्राम स्थित हैं। जिसके कारण इस मार्ग पर आवागमन का अत्यधिक दबाव है, जिस पर प्रतिदिन हजारों गाड़ियां चलती है। उन्होने कहा कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र माइंस से घिरा होने के कारण भारी वाहनें भी अत्यधिक मात्रा में चलता है। उक्त मार्ग इस क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला एक मात्र मुख्य मार्ग के अत्यधिक जर्जर होने के कारण आवागमन कठिन हो गया है।आमजनता इस मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के बावजूद बहुत ही तकलीफ में इस मार्ग पर यात्राएं करती हैं।

# 73 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर, 29 अक्टूबर ।** बस्तर जिले के नगरनार पुलिस ने आयशर ट्रक से तस्करी किया जा रहा 73 किलो गांजा बरामद किया है। इस सिलसिले में एक मध्यप्रदेश के तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजे का बाजार मूल्य 73 लाख रूपए आंका गया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति आयशर कंपनी की 1114 ट्रक क्रमांक एमपी-9-जीएच-4428 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर उड़ीसा प्रांत से जगदलपुर की ओर परिवहन कर रहा है। सूचना पर हमराह स्टाप पुलिस टीम के द्वारा ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 मेन रोड के पास पहुंच कर नाकाबंदी कर आने-



जाने वाले वाहनो के जांच के दौरान आयशर कंपनी का ट्रक क्रं. एमपी-9-जीएच-4428 आता दिखाई दिया जिसे रोककर जांच किये। चालक का नाम पता पुछने पर अपना नाम मुराद साह पिता उस्मान साह उम्र 30 वर्ष निवासी मध्यप्रदेश बताया। मौके पर आरोपी के आयशर ट्रक की जांच करने पर टनफिक्स पेचिंग मास (रिफेक्टरी मटेरियल) से भरा 8 नग बड़ा प्लास्टिक बैग के बीच में 3 नग प्लास्टिक बोरी एवं एक नग प्लास्टिक थैला में छिपाकर रखा कुल 33 पैकेट जुमला वजन 73.080 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद कर जप्त किया गया एवं परिवहन में प्रयुक्त आयशर ट्रक को जप्त किया गया।

# ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म सम्बन्धी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 30 अक्टूबर को

**जगदलपुर, 30 अक्टूबर।** जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के उद्यमियों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल सशक्तीकरण और विपणन के नए अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा रैम्प योजना के अंतर्गत ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाजार विकास सहायता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 30 अक्टूबर 2025 को कलेक्ट्रेट जगदलपुर के प्रेरणा हॉल में प्रातः 11 बजे से किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर अजित सुन्दर बिलुंग ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमियों को डिजिटल साक्षरता, ऑनलाईन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म, बिजनेस डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाईडर और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस जैसे सरकारी पोर्टल्स से जोड़ना है, जिससे स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार में पहचान मिल सके।

# ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार 2 लोगों की मौत



**भाटापारा, 29 अक्टूबर।** आज सुबह लगभग 10:30 बजे ग्राम खोलवा लक्ष्मी अपार्टमेंट के सामने एक ट्रेलर की चपेट में आने से मोटर सायकल सवार दो लोगो की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल है जिनका उपचार सिविल अस्पताल मे चल रहा है । ग्रामीण थाना टी.आई.लखेश केंवट ने जानकारी देते हुए बताया मृतक रविशंकर निषाद उम्र 18 साल मनीष निषाद 10 साल,धन्नू फेकर.एवं तुनिका निषाद चारो एक ही मोटर सायकल मे सवार होकर अर्जुनी से टोहडीघाट जा रहे थे कि लक्ष्मी अपार्टमेंट के पास पहुंचे ही थी पीछे से आ रही ट्रेलर ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपने चपेट मे ले लिया जिससे मौके पर रविशंकर एवं मनीष की घटना स्थल पर मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण थाना पुलिस मौके पर पहुंची वही आसपास के लोगो की भीड एकत्रित हो गई वही वहीं इस घटना मे मोटरसाइकिल चकनाचूर हो गया वहीं घटना के बाद ट्रेलर का चालक वाहन सहित फरार हो गया जिसकी सूचना आसपास के थाना क्षेत्रो को दे दी गई है वही ग्रामीण थाना पुलिस ट्रेलर को पकडने पुलिस टीम को रवाना कर दिया है।

# समाज को मिलकर एकजुटता के साथ आगे बढ़ना है : देव

**जगदलपुर,29 अक्टूबर।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के दरभा ब्लाक के ग्राम नेगानार में आज संभागीय कलार समाज (जुगानी) के द्वारा जय सहशस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के उपलक्ष में आयोजित पूजा अर्चना कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुयें।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ग्राम नेगानार में आयोजित जय सहशस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के पूजा अर्चना में शामिल होकर भगवान से बस्तर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना करते संभागीय कलार समाज जुगानी को जयंती की शुभकामनाएं एवं बधाई दी । किरण देव ने कहा कलार समाज (जुगानी) प्रति वर्ष सहस्त्रबाहु अर्जुन जंयती धूमधाम से मनायी जाती है। आपके समाज की जिन मांगो को रखा है, उसे जल्द पूरा किया जाएगा । समाज को मिलकर



एकजुटता के साथ आगे बढ़ाना है। समाज में लगातार समाज हित के लिए योजना के साथ कार्यक्रम होना चाहिए। इस दौरान निगम अध्यक्ष श्री खेमसिंह देवांगन, राजेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य संपति नाग,जनपद अध्यक्ष श्रीमती मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम,उपाध्यक्ष संतोष बघेल , गागराराम ,अनंत राम कश्यप,सुरीजनाथ जायसवाल , संरपंच रूपमनी,जयमनी मोर्य,, दलपत राय, सूनूराम नाग,उजयार राय, शांति राय,मनीषा राय,मंगल साय,मोहन जायसवाल, ईश्वर राय, मुन्ना लाल,कमलोचन जायसवाल, अर्जुन राय, भोला श्रीवास्तव, धमेंद्र ठाकुर, एवं समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य ,ग्रामवासी उपस्थित थे

# तेलंगाना-आंध्रप्रदेश की सीमा पर नल्लामल्ला के जंगल में बचे-खुचे नक्सली लीडरों की हुई बैठक

**जगदलपुर, 29 अक्टूबर ।** दीपावली के दौरान जहां बस्तर में लोग त्योहार की तैयारियों में जुटे हुए थे, वहीं बड़े नक्सली लीडर्स की गुप्त बैठक तेलंगाना व आंध्रप्रदेश की सीमा पर नल्लामल्ला के जंगल में होने की खबर है। दरअसल ये इलाका टाइगर रिजर्व घोषित है और पूरे क्षेत्र का सबसे दुर्गम और कम आबादी वाला इलाका माना जाता है। इन हालातों में नक्सलियों ने इसी जगह को अपनी बैठक के लिए चुना । खबर है कि इस बैठक में बस्तर में सक्रिय दुर्दांत नक्सली हिड़मा व देवा के साथ देवजी सहित बाकी बचे नक्सली लीडर शामिल हुए। यहां उन्होंने लगातार कमजोर हो रहे नक्सली संगठन को वापस जिंदा करने की रणनीति तैयार की है। इसके साथ ही कुछ लीडर्स की जिम्मेदारी बदलने को लेकर भी चर्चा की गई है। इस बैठक में कुख्यात माओवादी नेताओं द्वारा दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के पुनर्गठन करने को लेकर चर्चा होने की खबर है।

### नेतृत्व संकट से भी जूझ रहा संगठन

खुफिया विभाग के सूत्रों की मानें तो नल्लामल्ला के जंगल में हुई बैठक में बड़े नक्सली नेताओं की जिम्मेदारी में भी फेरबदल का निर्णय लिया गया है।



इसके तहत देवजी को सेंट्रल कमेटी प्रमुख, हिड़मा को मिलिट्री कमीशन प्रमुख, केसा को बटालियन कमांडर और दामोदर को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का इंचार्ज बनाया जा सकता है। वहीं गणेश उइके को पोलित ब्यूरो सदस्य के रूप में जिम्मेदारी मिल सकती है। खबर है कि लगातार कमजोर हो रहे नक्सली संगठन को लेकर बड़े कैडर के नक्सली भी अब चिंतित हो गए हैं। इसके साथ ही ये भी बात सामने आ रही है कि नक्सली संगठन इन दिनों नेतृत्व संकट से भी जूझ रहा है। वहीं माओवादी संगठन आंतरिक मतभेद नेतृत्व संकट और आंतरिक से जूझ रहा है। पुराने कमांडरों की मौत और नए चेहरों की स्वीकार्यता को लेकर संगठन के भीतर असहमति बढ़ी है। हम डरने वाले नहीं हैं तेलंगाना के खुफिया सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों तेलंगाना के नल्ला मल्ला के जंगलों में नक्सलियों की एक बैठक हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में शीर्ष पदाधिकारियों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण की निंदा करते हुए इसे नक्सली संगठन के साथ गद्दारी कहा गया। भाजपा सरकार पर दमन का आरोप लगाते हुए कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं, सरकार के खिलाफ नक्सलियों ने सशस्त्र संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

### 2274 का समर्पण एवं 448 नक्सली मारे गए

विदित हो कि बस्तर में बीते 22 महीनों में जो मुठभेड़ें हुई हैं, उनमें गगन्ना उर्फ बासवराजू, विकल्प, चलपति, कोसा, बालकृष्ण जैसे शीर्ष नक्सली ढेर हुए हैं। इससे संगठन के निचले से लेकर बड़े कैडर तक के नक्सलियों में असुरक्षा का भाव पैदा हो गया है। सरकारी आंकड़ों की मानें तो बीते 22 महीनों में 2274 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। वहीं 209 मुठभेड़ों में 448 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है। बावजूद नक्सलियों की सक्रियता का सबसे बड़ा कारण उनकी मिलिट्री बटालियन नंबर 1 है, जिसमें अब भी करीब 300 से ज्यादा सशस्त्र नक्सली सक्रिय हैं। पहले हिड्मा के पास इस बटालियन की कमान थी, लेकिन उसके सीसी मेंबर बनने के बाद अब बटालियन कमांडर के रूप में देवा को ये जिम्मेदारी दी गई है। मिलिट्री बटालियन के अधीन नक्सलियों की कंपनी नंबर 1, 2, 4 और 5 सक्रिय हैं। खबर है कि दक्षिण बस्तर में सक्रिय दुर्दांत नक्सली हिड़मा व देवा फिलहाल आत्मसमर्पण करने के पक्ष में नहीं हैं। बीते दिनों रूपेश ने जो बयान जारी किया, उसके अनुसार संगठन में कई कैडर सरेंडर करना चाहते हैं, लेकिन हिड़मा व देवजी के डर से वे आत्मसमर्पण नहीं कर पा रहे हैं।

### नक्सली बैठकों से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला :आईजी

पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने कहा कि बस्तर से नक्सलवाद के पैर पूरी तरह उखड़ चुके हैं। उनके द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार का पर्दाफाश हो चुका है। अब नक्सली कहीं भी बैठक करें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मिशन 2026 की डेडलाइन 31 मार्च 2026 से पहले बस्तर नक्सलमुक्त होकर रहेगा। नक्सलियों के पास केवल आत्मसमर्पण ही एकमात्र विकल्प है।यदि उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया तो ठीक वरना भविष्य में उन्हें इसके भीयह परिणाम भुगतने होंगे।

### विभागीय परीक्षा माह जनवरी 26 के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों से 22 दिसंबर तक आवेदन

**जगदलपुर, 29 अक्टूबर।** राज्य शासन द्वारा उन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए (जिनके लिए विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हों) विभागीय परीक्षा माह जनवरी-2026 के तहत 27 जनवरी से 03 फरवरी 2020 तक विभागीय परीक्षा आयोजित किए जाने परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह द्वारा सभी कलेक्टर्स को जारी परिपत्र में कहा गया है कि उपरोक्त विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जिले के समस्त विभागों एवं कार्यालयों को सूचना प्रसारित किया जाए। इस विभागीय परीक्षा में बैठने के इच्छुक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विषयवार आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2025 तक नियत की गई है। निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों को संकलित कर संलग्न प्रारूप में सूची तैयार कर 31 दिसंबर 2025 के पूर्व कार्यालय कमिश्नर बस्तर संभाग जगदलपुर को अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाए, ताकि विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु इच्छुक अधिकारियों-कर्मचारियों के विषयवार प्रश्न-पत्रों की मांग राज्य शासन से किया जा सके। साथ ही परीक्षा आयोजन संबंधी आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके। निर्धारित तिथि के बाद अथवा विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा से दायित्व निर्वहन करने की शपथ

**जगदलपुर, 29 अक्टूबर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सोमवार को कलेक्टोरेट में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा देश की आर्थिक-सामाजिक विकास की दिशा में सत्यनिष्ठा के साथ अनवरत दायित्व निर्वहन करने की शपथ ली गई।

# मुख्यधारा में लौटे 21 माओवादियों को संविधान की प्रति सौंपकर आईजी और गायता-मांझी ने किया स्वागत

**कांकेर 29 अक्टूबर ।** जिले में सक्रिय माओवादियों में से 21 हिंसा का मार्ग छोड़कर शासन की रीति-नीति से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। जंगलवार कॉलेज सिंगारभाट में आज आयोजित कार्यक्रम में बस्तर संभाग के पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पी. ने सभी 21 माओवादियों को भारत का संविधान की प्रति सौंपकर उन्हें शासन की मुख्यधारा में सम्मिलित होने पर स्वागत किया। सभी वर्दीधारी माओवादियों ने लोकतंत्र पर आस्था प्रकट करते हुए 18 हथियारों के साथ मुख्यधारा में लौटे। इन हथियारों में ए.के.-47, एसएलआर, इंसास राइफल, थ्री-नॉट-थ्री राइफल, 315 बोर राइफल, सिंगल शॉट राइफल तथा बीएलजी



शामिल थे। इस दौरान आदिवासी समाज के गायता-मांझी ने भी सभी माओवादियों को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। कांकेर कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, एसएसपी श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला, जंगलवार के चीफ ब्रिगेडियर एस.के. लांबा, कोण्डागांव एसपी श्री अक्षय कुमार सहित सीआरपीएफ, आईटीबीपी एवं विभिन्न बलों के प्रमुख सुरक्षा अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिन्हा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति कि तहत मुख्यधारा में लौटे 13 माओवादियों को शासकीय सेवा हेतु नियुक्ति प्रदान की गई है। इसी तरह 36 को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यधारा में लौटे युवाओं को विभिन्न रोजगार एवं आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा दुर्गम एवं बीहड़ क्षेत्रों में 150 करोड़ रूपए की लागत से 40 पुल-पुलिए शासन द्वारा स्वीकृत किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा माओवादियों को शासन की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें आजीविका प्रदान करने के उद्देश्य से पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) नामक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत हिंसा का रास्ता छोड़ लोकतंत्र पर आस्था जताने का अवसर प्रदाय किया जा रहा है। इसके लिए राज्य शासन द्वारा विभिन्न पुनर्वास नीति, नियद नेल्लानार योजना, पूना मारगेम आदि अभियान चलाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत राज्य में 3.51 लाख हितग्राहियों को कराया जाएगा सामूहिक गृह प्रवेश

**कांकेर 29 अक्टूबर ।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सांकेतिक रूप से 3.51 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया जाएगा। इस आयोजन में कांकेर जिले के 6801 हितग्राही भी शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत राज्य में अब तक 3.51 लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कांकेर जिले में 6801 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। राज्य स्थापना दिवस 01 नवम्बर को प्रदेश भर में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनिर्मित घरों में रंगोली सज्जा, दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक रीति से गृह प्रवेश कराया जाएगा। इस अवसर पर हितग्राहियों को आभार पत्र, खुशियों की चाबी या स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले में इस सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### नालंदा परिसर निर्माण में फर्नीचर एवं विद्युत फिटिंग कार्यों को पैरेलल करने के दिए निर्देश

# ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ में चल रहे प्रोजेक्ट्स की प्रगति का जायजा लिया



**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी ने आज सुबह रायगढ़ शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और बुनियादी परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रायगढ़ को एक नया और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ को स्वच्छ, हरित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए ये सभी परियोजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और प्रशासनिक दक्षता के साथ रायगढ़ आने वाले दिनों में प्रदेश के मॉडल शहरों में अपनी पहचान बनाएगा।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सबसे पहले रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने रामलीला मैदान में चल रहे रिनोवेशन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कार्यों में अपेक्षाकृत प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके बाद इतवारी बाजार में निर्माणाधीन ऑक्सीजोन एवं चौपाटी निर्माण का निरीक्षण किया। जहां एंट्री गेट की संख्या बढ़ाने, दो लेयर में चौपाटी निर्माण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने ऑक्सीजोन में लगाए जाने वाले पौधों की संख्या, ड्राइंग डिजाइन की जानकारी ली। उन्होंने ऑक्सीजोन में बड़े पौधे लगाने और सभी पौधों के ग्रोथ संबंधित सभी तरह के तकनीकी अपनाते हुए पौधों के देखरेख में विशेष ध्यान देने की बात कही।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण किया। यहां प्रथम फ्लोर की छत ढलाई हो गई है। इस दौरान उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता के साथ अपेक्षाकृत प्रगति लाने की बात कही। उन्होंने निर्माण कार्य होने के साथ फर्नीचर, विद्युत संबंधित कार्यों को भी पैरेलल करने संबंधित कार्ययोजना अपनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्नीचर विद्युत सहित अन्य तकनीकी सामानों के क्रय संबंधित कार्यों को भी शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कयाघाट पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि केलो विहार सहित नदी के इस पार के निवासियों के लिए कयाघाट होते हुए उस पार जाने के लिए यह पुल महत्वपूर्ण है। दोनों तरफ के लोगों के आवागमन इससे सुगम होता है। पुल के बेहतर उपयोग से शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को भी कम किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने पुल के हाइट को बढ़ाने और शीघ्र पुल निर्माण संबंधित कार्य को शुरू करने ठेकेदार को निर्देशित किया। साथ ही बैकुण्ठपुर क्षेत्र में नया ऑक्सीजोन विकसित करने के लिए संभावित भूमि का भी निरीक्षण किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने प्रगति नगर मरीन ड्राइव, कयाघाट ब्रिज और कबीर चौक में चल रहे ऑक्सीजोन निर्माण कार्यों की स्थिति भी देखी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोतरारोड आरओबी के नीचे और कोसाबाड़ी में प्रस्तावित ऑक्सीजोन-कम-गार्डन परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान नगर निगम के महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, श्री सुरेश गोयल, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप, ईई हाऊसिंग बोर्ड श्री अभिषेक तिवारी सहित गणमान्य नागरिक एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए मल्टी-स्टोरी क्वार्टर निर्माण के निर्देश

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने आज पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में स्थित रिक्त भूमि का अवलोकन किया और वहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए शासकीय क्वार्टर उपलब्ध कराने हेतु मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर की खाली भूमि का मल्टी-पर्पस उपयोग सुनिश्चित करते हुए ऐसी योजना तैयार की जाए, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ आवासीय सुविधाओं का भी समुचित विकास हो सके।

## एक नजर

### फैक्ट्री में लगी आग टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई



**दुर्ग, 29 अक्टूबर।** दुर्ग जिले के पाटन थाना क्षेत्र के पुनेइडीह स्थित अनुभव एल्युमिनियम वर्क प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री में देर रात भीषण आग लग गई आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग की टीम मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात 3ः00 बजे फैक्ट्री में आग लगने की सूचना अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को दी गई सूचना मिलते ही 2 दमकल वाहनों की टीम को तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया अग्निशमन कर्मियों ने बहादुरी दिखाते हुए फैक्ट्री के भीतर घुसकर दो गाड़ियों पानी की मदद से आग को नियंत्रित किया और उसे अन्य हिस्सों में फैलने से रोक लिया फैक्ट्री के अंदर लगी मशीनरी और एल्युमिनियम पाउडर आग की चपेट में आ गए फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है पाटन थाने पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन 30 नवम्बर तक

**राजनांदगांव 29 अक्टूबर ।** जिले में संचालित शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन 30 नवम्बर 2025 तक आमंत्रित की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर एवं जिले में संचालित विभिन्न संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी वर्ष 2025-26 में नवीन व नवीनीकरण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

### प्लेसमेंट कैम्प 30 अक्टूबर को

**धमतरी, 29 अक्टूबर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 30 अक्टूबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प मंम निजी क्षेत्र के नियोजक इन्फोटेक इंडिया प्रायवेट लिमिटेड धमतरी और स्वतंत्र माईक्रोफाईन प्रायवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्स एक्जूकेटिव, टीम मैनेजर और फील्ड ऑफिसर आदि के कुल 275 पदों पर भर्तियों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं और स्नातक है वे इस प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं। आवेदक को शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का नवीन पंजीयन प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ नियत तिथि पर उपस्थित होने कहा गया है।

## कार्यशाला में बिहान योजना अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को एलआईसी बीमा सखी बनाने की जानकारी दी



**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** राज्य शासन की मंशानुरूप और कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

कार्यशाला में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को ÷एलआईसी बीमा सखी÷ योजना की जानकारी दी गई। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को जीवन बीमा निगम से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। बीमा सखी योजना के अंतर्गत तीन वर्ष तक स्टाइपेंडरी स्कीम का प्रावधान रखा गया है, जिसमें प्रथम वर्ष 7000, द्वितीय वर्ष 6000 तथा तृतीय वर्ष 5000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही आकर्षक कमीशन की भी सुविधा उपलब्ध है। तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात पात्र बीमा सखियों को नियमानुसार एजेंसी के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। बीमा सखी बनने हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं पास तथा आयु 18 वर्ष से अधिक निर्धारित की गई है।

कार्यशाला में भारतीय जीवन बीमा निगम रायगढ़ के डीओ, एबीएम एवं बीमा सखी नोडल अधिकारी द्वारा उपस्थित महिलाओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। रायगढ़ जिले के सातों जनपद पंचायतों से आई लगभग 90 स्व-सहायता समूह की ÷दीदीयों÷ ने इसमें भाग लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बिहान योजना प्रभारी श्री महेश पटेल, एलआईसी के डीओ श्री अभिषेक शुक्ला, श्री मनोज पुरी, श्री दीपक कछुवाहा, एबीएम सह नोडल अधिकारी श्री पंकज केशरवानी, डिप्टी मैनेजर श्री राजेश साहू सहित बिहान योजना के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के पश्चात चिन्हांकित बीमा सखियों को एलआईसी द्वारा विशेष प्रशिक्षण एवं परीक्षा के माध्यम से औपचारिक रूप से योजना से जोड़े जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के आर्थिक सशक्तिकरण में भागीदारी निभा सकें।

### छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस एवं रजत जयंती वर्ष पर जिले में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन

**बलरामपुर, 29 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस 01 नवंबर एवं रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बलरामपुर जिले में इस वर्ष तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय हाई स्कूल ग्राउंड बलरामपुर में 02 से 04 नवंबर तक आयोजित होगा। राज्योत्सव के मुख्य समारोह में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस अवसर पर सांस्कृतिक विरासत, लोककला और विकास यात्रा को प्रदर्शित करने वाले विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पांच दिवसीय रोशनी से जगमगाएगा जिला मुख्यालय राज्य शासन के निर्देशानुसार 01 से 05 नवंबर तक पूरे जिले में रोशनी की जाएगी। सरकारी भवनों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों को रंगीन लाइटों से सजाया जाएगा।

## कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**महासमुंद, 29 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जन चौपाल में आज 74 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्राम राजसवैया खुर्द निवासी रिद्धि नायक ने अपने पुत्र के बोन मेरो ट्रांसप्लांट को चिरायु योजना के तहत निःशुल्क इलाज हेतु आवेदन किया। इसी तरह ग्राम भोरिंग महासमुंद निवासी तोषण लाल साहू ने धान विक्रय के लिए पंजीयन, ग्राम बुंदेली में शासकीय भूमि में अवैध कब्जे की जांच के लिए, ग्राम फरसाडीह निवासी ताम्रध्वज माहरा द्वारा एग्रीस्टैक कृषक आईडी बनवाने में हो रही समस्या के लिए, महासमुंद के रामाधीन साहू द्वारा विकलांग पेंशन हेतु, ग्राम खैरटखुर्द बाघमुड़ा के निवासियों ने नवीन उपार्जन केंद्र हेतु आवेदन किए। इसके अलावा लंबित राशि भुगतान, श्रमिक पंजीयन कार्ड संशोधन, अवैध शराब बिक्री, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वन अधिकार पट्टा, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिस पर कलेक्टर ने उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम जनमन आवास योजना से पीव्हीटीजी परिवारों को मिल रहा सुरक्षित आवास



**बलरामपुर, 29 अक्टूबर ।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। पीएम जनमन आवास योजना विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के जीवन में न केवल सुधार ला रहा है, बल्कि पक्के मकान के सपनों को भी साकार कर रहा है।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत पुंदाग की निवासी श्रीमती अनिता ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ वर्षों से कच्चे मकान में रह रहे थे। उनका परिवार रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करता है। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए चुनौती था। बरसात में टपकती छत, सर्दियों की ठिठुरन और गर्मियों की तपन उनके परिवार के लिए हमेशा की मजबूरी बनी रही। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनके पक्के घर का सपना साकार नहीं हो पा रहा था। लेकिन वर्ष 2024-25 में उन्हें प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत आवास की स्वीकृति मिली। समय पर राशि और सामग्री उपलब्ध होने से उनका मकान बनकर तैयार हुआ और आज वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित पक्के घर में रह रहे हैं।श्रीमती अनिता भावुक होकर कहती हैं कि नए घर ने मुझे जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी है। अब मेरा परिवार मौसम की मार से सुरक्षित है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की आभारी हूँ।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातीय परिवारों को पक्का और सुरक्षित घर उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि वे अपना घर स्वयं बना सकें ।

### समय-सीमा की बैठक में राज्योत्सव,धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा की

**महासमुंद 29 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज समय-सीमा की बैठक सुबह 10 बजे आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आगामी राज्योत्सव, धान खरीदी, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री लंगेह ने राज्योत्सव की तैयारी की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष की उपलब्धियों को दर्शाते हुए विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रदर्शन करने एवं विगत वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं।

## समाचार संक्षेप

### धान उपार्जन अवधि में निगरानी के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता गठित

**धमतरी, 29 अक्टूबर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पूरे छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने धान खरीदी के दौरान कोचियों/बिचौलियों द्वारा पड़ोसी राज्यों अथवा अन्य जिलों से धान लाकर विक्रय करने, अवैध संग्रहण, परिवहन या पुनर्चक्रण (ऋङ्ख्4ष्यद्बद्गठ्ठद्) की संभावना को देखते हुए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया है। यह दल धान खरीदी अवधि में धान की आवक की नियमित जांच और निगरानी करेगा तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के अंतर्गत कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। अवैध रूप से परिवहन में पकड़े गए वाहनों को संबंधित थानों की अभिरक्षा में रखा जाएगा।डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज कुमार मरकाम, सहायक पंजीयक सहकारिता विभाग सुश्री सुमन ध्रुव, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री मनोज कुमार सागर, सहायक खाद्य अधिकारी श्री भेलेन्द्र ध्रुव, सचिव, कृषि उपज मण्डी श्री बोधन राम मंडाई और क्षेत्र सहायक मार्कफेड श्री यूगल किशोर साहू हैं। यह दल धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के उद्देश्य से निरंतर क्षेत्र भ्रमण करेगा तथा की गई कार्रवाई की साप्ताहिक जानकारी समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

### रेत खदान ग्राम सचराटोला के आबंटन के लिए 19 से 25 नवम्बर तक निविदा आमंत्रित

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 29 अक्टूबर ।** कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा द्वारा मरवाही तहसील के ग्राम पंचायत सचराटोला खसरा नंबर 588/1, रकबा 4.56 हेक्टेयर के रेत खदान के आबंटन हेतु 19 से 25 नवम्बर 2025 तक निविदा आमंत्रित किया गया है। बोलियां केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। निविदा आमंत्रण सूचना में कहा गया है, कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के तहत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से उत्खनन पट्टा आबंटित किया जाना है। इसके लिए अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों से निविदा आमंत्रित की जा रही है।

### टीएल बैठक में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 29 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकेश रावटे ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन और जनसमस्याओं एवं जनशिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के लंबित प्रकरणों सहित मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन एवं पीएमओ पोर्टल में दर्ज लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने और पीएम जनमन योजना, आदि कर्मयोगी अभियान एवं धरती आबा योजना के तहत सभी विभागों की योजनाओं से लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत हितग्राहियों को संतृप्त करने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने राज्योत्सव की तैयारी के लिए विभागों को दिए गए दायित्वों के अनुरूप कार्य संपादित करने तथा राज्योत्सव के दौरान कार्यालय भवनों में रोशनी करने कहा। उन्होंने जनसमस्याओं एवं जनशिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान पीएम आवास की राशि में अनियमितता की शिकायत, किसान क्रेडिट कार्ड, जल जीवन मिशन के कार्यों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने, मजदूरी भुगतान, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने, पेंशन प्रकरणों का निराकरण, आवारा पशुओं का व्यवस्थापन, पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना सहित विभिन्न प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा तिवारी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### मेधावी अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए निजी आवासीय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा का अवसर

**बलरामपुर, 29 अक्टूबर।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रेष्ठ( स्कीम फॉर रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट इन हाई स्कूल इस इन टारगेट एरिया) योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन मानदंडों के आधार पर किया जाता है। जिसके अंतर्गत निजी विद्यालय न्यूनतम पांच वर्षों से कार्यरत होना, पिछले तीन वर्षों के दौरान कक्षा 10वी और 12वी में कम से कम 75ः उत्तीर्ण प्रतिशत, तथा कक्षा 9वी और 11वी में अतिरिक्त (कम से कम 10) अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध होना अनिवार्य है।योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (श्रेष्ठ) के माध्यम से कक्षा 9वी और 11वी में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है।

जो कक्षा 12वी तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आवंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। मंत्रालय वास्तविक या निर्धारित सीमा, जो भी कम हो, के अनुसार शिक्षण और छात्रावास शुल्क सीधे स्कूलों को हस्तांतरित करके वित्तीय सहायता प्रदान करता है। विद्यार्थियों को कोई शुल्क या अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होता है। इसके अलावा, शैक्षणिक समायोजन में सहायता के लिए ब्रिज कोर्स के लिए वार्षिक शुल्क के 10ः तक का प्रावधान है। वर्ष 2026-27 के लिए परीक्षा का आयोजन संभवतः दिसंबर 2025 में किया जाना है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो कि 30 अक्टूबर, 2025 (शाम 5रू00 बजे तक) तक खुला रहेगा।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों में बढ़ी जागरूकता

**धमतरी, 29 अक्टूबर ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर ग्रामीणों में और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से धमतरी जिले के ग्राम पंचायत खिसोरा एवं नाथूकोन्हा (केरेगांव) में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के तहत साप्ताहिक बाजार में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा तीन किलोवाट तक के सोलर पैनल लगाने पर आकर्षक अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

शिविर के दौरान ग्राम खिसोरा में दो ग्रामीणों ने स्थल पर ही पंजीयन कराया, वहीं अधिकांश ग्रामीणों ने फसल कटाई के बाद पंजीयन कराने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार ग्राम नाथूकोन्हा (केरेगांव) में भी डोर-टू-डोर सर्वे कर 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा योजना के लाभ के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह योजना बिजली बिल में बचत के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवार अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर न केवल मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आज बस स्टैंड मेघा में आयोजित शिविर में लगभग 27 उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे जानकारी दी गई और स्थल पर ही 5 उपभोक्ताओं का पंजीयन किया गया। शेष उपभोक्ताओं से भी सकारात्मक निर्णय लेने आश्वासन मिला। इसके साथ ही जनपद पंचायत कुरूद के द्वारा आयोजित ग्राम पंचायतो के सचिवों की समीक्षा बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कुरूद विकासखंड के 30 गांवों में लगेंगे शिविर

ग्रामीणों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की पह प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त योजना के तहत जिले में ग्रामीण उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से जोड़ने और योजना के लाभों की जानकारी देने के लिए छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी कुरुद संभाग अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विद्युत वितरण केंद्र कुरुद के अंतर्गत बीते 24 अक्टूबर से 7 नवम्बर 2025 तक कुल 30 ग्रामों में ÷पीएम एसजीएम शिविर÷ आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना की जानकारी दी जाएगी, जिसमें घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर प्रति माह 300 यूनिट तक बिजली निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में हर घर को स्वच्छ, सस्ती और आत्मनिर्भर ऊर्जा से जोड़ने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए 26 अक्टूबरः कुंडेल, 27 अक्टूबरः भाखरा, मगरलोड, 28 अक्टूबरः कोरगा, सिंधौरीकला, बोथा (बोर्सी), हसदा, 29 अक्टूबरः बगौद, मौरिकला, गुजरा, जामगांव, पचपेडी, करेली (बी), भोथींडीह, 30 अक्टूबरः चर्रा, 31 अक्टूबरः कातलबोड़, मंडेली, कोर्रा ,गाड़ाडीह, 3 नवम्बरः राखी, मंदरौंद, सिवनीकला, 5 नवम्बरः चोरभट्ठी, सेलदीप, बगौद, 6 नवम्बरः नारी, भाठागांव और 7 नवम्बरः चरमुडिया में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में बिजली विभाग के अधिकारी और तकनीकी दल ग्रामीणों को योजना की आवेदन प्रक्रिया, पात्रता, सोलर रूफटॉप स्थापना, तथा सब्सिडी संबंधित जानकारी देंगे। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि ÷प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और हर घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इस योजना से न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ा योगदान मिलेगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक पात्र परिवार इस योजना का लाभ लें।

## एक नजर

### संयुक्त टीम ने अवैध खनिज परिवहन करते तीन वाहन जब्त किए

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप अवैध खनिज उत्खनन



और परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर कोरिया के निर्देश पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनिज परिवहन के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान टीम ने तीन वाहनों को जब्त किया है। कार्रवाई तहसील पटना क्षेत्र में की गई। गश्त के दौरान टीम ने तीन वाहनों को अवैध रूप से गौण खनिज (रेत) का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। सभी वाहनों को मौके पर ही जब्त कर समीपस्थ पटना थाने में अभिरक्षा में रखा गया है। जब्त किए गए वाहन में मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 16 सीएन 5852, वाहन मालिक श्री जगदीश साहू, मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 12 ए एन 8294, वाहन मालिक श्री अमरदीप और ट्रैक्टर (महिंद्रा सोल्ड) वाहन मालिक श्री सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े शामिल है। इन वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### सही पोषण से नन्हे मानव को कुपोषण से मिली निजात

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** कमजोर शरीर और हमेशा सुस्त रहने वाला दो साल का नन्हा मानव जिसे देखकर हमेशा उनका परिवार चिंतित रहा करता था। मां नम्रता बाई बेटे मानव को लेकर अपने आस पड़ोस में पूछती की ऐसा क्या करे की मानव सामान्य हो जाये पर जानकारी के अभाव में वो हमेशा अपना मन मारकर इसे अपनी किस्मत समझ लेती थी। ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने मां नम्रता बाई से संपर्क किया जिसमें उन्होंने माता को उचित पोषण एवं संतुलित आहार के संबंध में जानकारी दी। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला विकासखण्ड के सूदूर अंचल में बसे ग्राम रानाटोला निवासी मानव का शरीर तो कमजोर और उसे खेलने-कूदने की इच्छा भी नहीं होती थी। उसकी मां, नम्रता बाई, बेटे की कमजोरी से चिंतित थीं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि बच्चों के सही विकास के लिए केवल पेट भरना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि पौष्टिक और संतुलित आहार देना भी जरूरी है। आंगनबाड़ी केंद्र में जब उसकी जांच की गई, तो पाया गया कि उसकी लंबाई के अनुसार वजन बहुत कम था, केवल 6.6 किलोग्राम। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया और परिवार को समझाया कि कैसे संतुलित आहार और साफ-सफाई से बच्चे के जीवन में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने नम्रता बाई को सम्वर्धित टेक होम राशन के महत्व के बारे में बताया और नियमित रूप से इसे देने की सलाह दी। साथ ही, उन्हें घर पर पौष्टिक आहार जैसे दलिया, मूंग दाल की खिचड़ी, अंडा और हरी सब्जियां बनाने के तरीके सिखाए गए। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निरंतर गृह भेंट कर मानव के स्वास्थ्य पर नजर रखी और हर सप्ताह उसका वजन एवं लंबाई का माप किया गया। इन प्रयासों का असर जल्द ही दिखने लगा और 16 हफ्तों में मानव का वजन बढ़कर 7.7 किलोग्राम हो गया और अब वह सामान्य श्रेणी में आ चुका है। पहले जहां वह कमजोर और सुस्त था, वहीं अब वह सक्रिय, खेल-कूद में रुचि रखने वाला और ऊर्जावान बच्चा बन गया है। उसकी भूख में सुधार हुआ है और शरीर में ताकत लौटी है। सबसे बड़ी बात यह कि परिवार का आत्मविश्वास भी वापस आया है।

### पीएम श्री विद्यालय बनने के बाद विद्यालय में आए सकारात्मक परिवर्तन

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** पीएम श्री विद्यालय योजना के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ार के चयन के बाद विद्यालय में अनेक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं। विद्यालय का वातावरण अब अधिक अनुशासित, बेहतर और तकनीकी रूप से सशक्त बन चुका है। विद्यालय में स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल कक्षाओं की स्थापना से शिक्षण प्रक्रिया में आधुनिकता आई है। विद्यार्थी अब वीडियो, चित्र और इंटरैक्टिव माध्यमों से विषयों को आसानी से समझ रहे हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सीखने की रुचि बढ़ी है। विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना ने विद्यालय को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया है तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक कदम सिद्ध हुआ है। ग्रीन स्कूल के तहत विद्यालय परिपर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए जिससे विद्यालय का वातावरण हरा-भरा सुसज्जित हुआ। विद्यालय में योग शिक्षक की नियुक्ति के बाद विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। योगाभ्यास से बच्चों में एकाग्रता, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ है। ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैम्प तथा शीतकाल में विंटर कैम्प के आयोजन से बच्चों को कला, खेल, विज्ञान, संगीत और व्यक्तित्व विकास से जुड़ने के अवसर प्राप्त हुए हैं। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन एवं संगीत सामग्री की उपलब्धता से विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिला है। मंच पर प्रस्तुति देने से बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है। विद्यालय में भौतिक संसाधनों में वृद्धि होने से विद्यार्थियों को बहुत सारी सुविधाएं मिली है बच्चो को पीने के लिए शुद्ध व शीतल जल की उपलब्धता हुई है।

# जशपुर जिले के सन्ना पंडरापाठ में तीरंदाजी अकादमी स्थापित करने एनटीपीसी के साथ हुआ एग्रीमेंट



**रायपुर, 29 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज जशपुर जिले के बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में बगीचा विकासखंड अंतर्गत सन्ना पंडरापाठ में तीरंदाजी अकादमी स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन और एनटीपीसी के बीच एग्रीमेंट किया गया। एनटीपीसी द्वारा यह परियोजना कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) के तहत 20 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से संचालित की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास और एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री बिलाश मोहंती उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा सीएसआर के माध्यम से आर्चरी सेंटर की स्थापना के लिए 20 करोड़ 53 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा रही है, यह अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि जशपुर क्षेत्र के युवाओं में तीरंदाजी के प्रति अपार संभावनाएं हैं, और इस सेंटर के आरंभ होने से उन्हें प्रशिक्षण और संसाधनों की बड़ी सुविधा प्राप्त होगी।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2036 में भारत ने ओलंपिक खेलों की मेज़बानी के लिए दावेदारी प्रस्तुत की है। हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में अधिकतम संख्या में शामिल हों और पदक जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। यह तभी संभव है जब हम आर्चरी सेंटर जैसे और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करें। ऐसे केंद्रों के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने घोषणा की है कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 2 करोड़ रुपए और कांस्य पदक प्राप्त करने वालों को 1 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि राज्य खेल अलंकरण समारोह को पुनः आयोजित किए गए हैं और इसके माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में 'खेलो इंडिया' के नए प्रशिक्षण केंद्र आरंभ किए गए हैं और जनजातीय क्षेत्रों में खेल अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश प्राचीन काल से ही तीरंदाजी में अग्रणी रहा है। महाभारत और रामायण जैसे हमारे पवित्र ग्रंथों के नायक भी इस विधा में पारंगत रहे हैं। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हमें आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित मार्गदर्शन के माध्यम से नए आर्चर्स तैयार करने होंगे।

### लावाहोरी में वर्षों से पानी की समस्या ने लोगों के जीवन को कठिन बना दिया था

# जल जीवन मिशनः हर घर नल, हर घर जल योजना से लावाहोरी की लीलावती का जीवन हुआ आसान

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** जल जीवन मिशन से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी और भरतपुर जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घाघरा के ग्राम लावाहोरी निवासी श्रीमती लीलावती को अब शुद्ध पेयजल मिलने लगा है। मिशन के तहत् हर घर नल हर घर जल योजना से घर पर ही शुद्ध जल मिलने से उनका जीवन आसान हो गया है।



गौरतलब है कि लावाहोरी में वर्षों से पानी की समस्या ने लोगों के जीवन को कठिन बना दिया था। यहाँ की महिला लीलावती बताती हैं कि पहले स्वच्छ पेयजल की तलाश में उन्हें प्रतिदिन कई किलोमीटर पैदल चलकर कुएँ या हैंडपंप से पानी लाना पड़ता था। बरसात के मौसम में कुएँ का पानी गंदा हो जाता था और गर्मियों में पानी सूख जाता था। ऐसे में घर के सारे काम, बच्चों की देखभाल और पीने के पानी का इंतजाम - सब कुछ एक संघर्ष बन गया था।

श्रीमती लीलावती बताती हैं कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन की सौगात इस गाँव तक पहुँची, तो लावाहोरी की तकदीर बदल गई। अब हर घर में नल से स्वच्छ जल उपलब्ध है और लोगों के चेहरे पर राहत और खुशी झलकने लगी है।

लीलावती बताती हैं कि अब हमें सुबह जल्दी उठकर पानी भरने के लिए दौड़ना नहीं पड़ता। नल खोलते ही साफ़ ठंडा और सुरक्षित पानी घर में आता है। इससे न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों का स्वास्थ्य भी पहले से बेहतर है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। अब जो समय पहले पानी लाने में व्यर्थ जाता था, वही समय अब बच्चे की पढ़ाई और घर के अन्य कार्यों में लगाया जा रहा है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से जलजनित बीमारियाँ भी काफी हद तक कम हो गई हैं। यह योजना गाँव के हर घर तक पहुँचकर न केवल जल सुरक्षा का संकल्प पूरा कर रही है, बल्कि लोगों के जीवन में खुशहाली का संचार भी कर रही है। जल जीवन मिशन ने वास्तव में यह सिद्ध कर दिखाया है कि पानी सिर्फआवश्यकता नहीं बल्कि जीवन का आधार है।

लीलावती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन हमारे जीवन की सबसे बड़ी सौगात है। अब हमें अपनी बेटियों के भविष्य की चिंता नहीं रहती, क्योंकि उन्हें पानी लाने के लिए पढ़ाई छोड़नी नहीं पड़ती। यह योजना हमारे गाँव के भविष्य को बदलने वाली है। आज लावाहोरी गाँव आत्मनिर्भर, स्वस्थ और खुशहाल गाँव के रूप में उभर रहा है। हर घर में नल से जल पहुँचाकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने विकास की उस धारा को गाँव तक पहुँचा दिया है, जो वास्तव में ÷जनसेवा से जनसुख तक÷ की भावना को साकार करती है। लीलावती की मुस्कुराहट आज पूरे गाँव की खुशी बन चुकी है। यह केवल पानी की नहीं बल्कि सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की कहानी है। जल जीवन मिशन ने साबित किया है कि जब सरकार की योजनाएं संवेदनशीलता और समर्पण के साथ धरातल पर उतरती हैं।

### शिक्षा अधोसंरचना में 25 वर्षों में अभूतपूर्व विस्तार

रायपुर, 29 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ राज्य अपनी 25 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा का रजत वर्ष मना रहा है। इस अवधि में राज्य के साथ-साथ कोरिया जिले ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2000 से 2025 के बीच जिले में शिक्षा अधोसंरचना, सुविधाओं और शैक्षणिक परिणामों में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2000 में कोरिया जिले में विद्यालयों की कुल संख्या 386 थी, जो बढ़कर अब 606 तक पहुँच गई है। इसमें प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 281 से बढ़कर 387, पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 76 से बढ़कर 167 और हायर सेकेंडरी विद्यालयों की संख्या 22 से बढ़कर 37 हो गई है। शिक्षा के प्रति लोगों में बढ़ती जागरूकता के परिणामस्वरूप विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों की संख्या 21 हजार 051 से बढ़कर 37 हजार 172 हो गई है। यह दर्शाता है कि अब जिले के अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा से जुड़ रहे हैं और स्कूलों की पहुँच सुदूर अंचलों तक बढ़ी है। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हुआ है। वर्ष 2000 में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 46.31 प्रतिशत था, जो 2025 में बढ़कर 92.26 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 67.15 प्रतिशत से बढ़कर 94.26 प्रतिशत तक पहुँच गया है। ये आँकड़े जिले के शिक्षकों की प्रतिबद्धता और छात्रों की मेहनत का प्रमाण हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं से विद्यालयों में नामांकन दर में वृद्धि हुई है।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान में 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के सात शहरों में 24 नवंबर से 5 दिसम्बर 2025 तक आयोजित होंगे। इसमें 23 मेडल स्पोर्ट्स और एक डेमोंस्ट्रेशन स्पोर्ट (खो-खो) में प्रतियोगिताएं होंगी। इसी साल कुछ समय पहले में बिहार में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तरह, यूनिवर्सिटी गेम्स भी राजस्थान के सात शहरों जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर में आयोजित होंगे। इस 12 दिनों के यूनिवर्सिटी आयोजन में 5,000 से अधिक एथलीटों के आने की उम्मीद है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सहयोग से किया जाता है। केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' भारत के खेल मार्ग में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। दुनिया भर में विश्वविद्यालय, चैंपियनों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और केआईयूजी हमारे युवा एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का मंच प्रदान करता है। इन खेलों का राजस्थान संस्करण भारत के विस्तृत खेल परिदृश्य को उजागर करेगा और वैश्विक स्तर पर राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने की आकांक्षा रखने वालों के लिए पहला कदम साबित होगा।

## अरुण साव ने विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक का किया शुभारंभ

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज बस्तर ओलंपिक-2025 के विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कांकेर के गोविंदपुर खेल मैदान में खेल ध्वज फहराया और वहां मौजूद खिलाड़ियों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री साव ने तीरंदाजी, व्हालीबॉल और रिले रेस में सांकेतिक तौर पर हिस्सा लेकर प्रतिभागी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गोविंदपुर के खेल मैदान में शेड निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक श्री आशाराम नेताम, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा और हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत भी शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर के प्रतिभाशाली युवक-युवतियों को समुचित प्लेटफॉर्म मुहैया कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पिछले वर्ष से बस्तर ओलंपिक का आगाज किया है, जिसकी ख्याति राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैल चुकी है। इसकी सफलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गत वर्ष एक लाख 65 हजार युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया था, जबकि इस वर्ष रिकॉर्ड तीन लाख 91 हजार खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर संभाग के खिलाड़ियों की अपनी विशिष्ट पहचान है, क्योंकि वे अनुशासित होकर टीम भावना से अपनी खेल प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में खेल सुविधाओं और विकास के लिए पूर्व में ही लगभग आठ करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी जा चुकी है। विधायक श्री आशाराम नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि कांकेर में पखांजूर से लेकर नरहरपुर तक विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं का सकारात्मक वातावरण निर्मित हो रहा है।

### डड़सेना कलार समाज सशक्त रूप से संगठित होकर एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा: विजय शर्मा



**रायपुर, 29 अक्टूबर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा शहर के भारत माता चौक में डड़सेना कलार समाज द्वारा आयोजित भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शमिल होकर समाज के साथ पारंपरिक और आध्यात्मिक उत्सव साझा किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने रायपुर रोड स्थित भगवान सहस्त्रबाहु चौक का सौंदर्यीकरण तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की भव्य प्रतिमा की स्थापना करने की घोषणा की।उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि डड़सेना कलार समाज आज सशक्त रूप से संगठित होकर एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि नई पीढ़ी जागरूक और लक्ष्य के प्रति समर्पित है। उन्होंने गर्व के साथ उल्लेख किया कि समाज के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर प्रशासनिक और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जो न केवल समाज बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों द्वारा दिखाई जा रही एकजुटता, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की भावना प्रेरणादायक है। इसी संगठित प्रयास का परिणाम है कि समाज की नई पीढ़ी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है तथा राज्य और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे रही है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि समाज के सर्वांगीण उत्थान और विकास से जुड़े हर सार्थक प्रयास में छत्तीसगढ़ सरकार पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। शिक्षा, कौशल विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे सभी क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं और संसाधनों का लाभ समाज को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि समाज आगे बढ़ने का संकल्प ले तो सरकार सदैव उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष श्री पवन जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, पार्षद श्री दीपक सिन्हा, अध्यक्ष श्री रूपेन्द्र जयसवाल, श्री गजेंद्र जयसवाल, श्री खेलूराम जयसवाल, श्री आत्माराम जायसवाल, श्री श्याम लाल, बद्री जायसवाल, श्री रोहित, श्री उमराव सहित जनप्रतिनिधि, समाज के नागरिक उपस्थित थे।

एजेंसी देनी है

*'दैनिक तरुण छत्तीसगढ़' की प्रदेश के अप्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में एजेंसी देनी है।*

*पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक शीघ्र संपर्क करें।*

*संपर्क 7999952703, 9826194896*

# मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के फरसाबहार में 40.89 करोड़ के 13 कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के फरसाबहार क्षेत्र के व्यापक विकास को नए आयाम देते हुए 40 करोड़ 89 लाख 26 हजार रुपए की लागत के 13 विकासकार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 4 करोड़ 16 लाख 41 हजार रुपए लागत के 4 विकासकार्यों का लोकार्पण और 36 करोड़ 72 लाख 85 हजार रुपए लागत के 9 विकासकार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिन विकासकार्यों का लोकार्पण किया उनमें 01 करोड़ 81 लाख 32 हजार रुपए लागत के मस्कामारा से होते हुए लवाकेरा मेन रोड तक मार्ग लं. 1.70 कि.मी., 01 करोड़ 29 लाख 56 हजार रुपए लागत के जिला जशपुर के अम्बाकछार पहुंच मार्ग लं. 1.00 कि.मी., 10 लाख रुपए लागत के आर सी.सी. पुलिया निर्माण, सिंहटोला दीपक घर से मेन रोड़ पहुंच मार्ग पर, ग्राम लावाकेरा और 95 लाख 53 हजार रूपए लागत के जशपुर के मुण्डाडीह पहुच मार्ग लं. 0.90 कि.मी. का निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह उन्होंने 36 करोड़ 72 लाख 85 हजार रुपए लागत के जिन 9 विकासकार्यों का भूमिपूजन किया उनमें 31 लाख 38 हजार रूपए लागत के फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, 23 करोड़ 96 लाख 94 हजार रूपए लागत के पमशाला में सरईटोला पहुंच मार्ग लं. 11.50 कि.मी. का निर्माण कार्य, 01 करोड़ 72 लाख 55 हजार रुपए लागत के फरसाबहार में विश्रामगृह भवन का निर्माण कार्य, 01 करोड़ 91 लाख 51 हजार रुपए लागत के प्रो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कोल्हेनझरिया का भवन निर्माण, 01 करोड़ 91 लाख 51 हजार रुपए लागत के प्रो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास फरसाबहार का भवन निर्माण, 01 करोड़ 52 लाख 97 हजार रुपए लागत के प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास लवाकेरा का भवन निर्माण, 01 करोड़ 52 लाख 97 हजार रुपए लागत के प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास पण्डरीपानी का भवन निर्माण, 01 करोड़ 91 लाख 51 हजार रुपए लागत के प्रो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास पंडरीपानी का भवन निर्माण कार्य और 01 करोड़ 91 लाख 51 हजार रुपए लागत के प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास तपकरा का भवन निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर सांसद श्री राधेश्याम राठिया, विधायक श्रीमती गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका जशपुर के उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव,पूर्व संसदीय सचिव श्री भरत साय, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, श्री विजय आदित्य सिंह जूदेव सहित जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

**रा.प्र.क्र.............अ-27 वर्ष 2023-24**

**ग्राम गाडाडीह प.ह.न. 41 रा.नि.मं. खोखली**

क्योंकि मौजा ग्राम गांडाडीह प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. खोखली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के भूमि-स्वामि लक्ष्मीनारायण पिता दाउलाल जाति सतनामी ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट संयुक्त खाते के भूमि को अनावेदकगण रामनारायण पिता दाउलाल वगैरह के संयुक्त नाम पर दर्ज भूमि को बराबर-बराबर 1/9 हिस्सों में कब्जा वो काश्त के आधार पर खाता विभाजन कर नक्शा दुरूस्ति किये जाने हेतु आवेदन पत्र से अंतर्गत धारा 178 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत खाता बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है, एवं सुनवाई दिनांक 31/10/25 स्थान न्यायालय तहसीलदार, भाटापारा के स्थान पर 11.00 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद व्दारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित हो या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि व्दारा हाजिर हो, एवं अपनी आक्षेपों, यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**खाते का विवरण**


**ग्राम- गांडाडीह प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. खोखली तहसील भाटापारा**

| सर्वेक्षण संख्यांक/भू-खंडाक (ख. नं.) | क्षेत्रफल | भू-राजस्व |
|---|---|---|
| 132 | 0.0930 | |
| 206/1 | 0.0160 | |
| 207 | 0.0610 | |
| 208 | 0.0490 | |
| 290 | 0.3910 | |
| 299 | 0.7080 | |
| 06 | 1.3180 | 1.77 |

आज दिनांक 19/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**भाटापारा**




संवाद आर.ओ.- 45693/97

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26